मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-10, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 230 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
04 फरवरी 2024 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
26 अधिकतम
12 न्यूनतम



Page- 7

### सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में मिनिस्टर्स क्लास का अंतिम दिन

# मंत्रियों को लीडरशिप के मंत्र, बड़ी सीटों पर चुनावी कमान सीनियर लीडर्स को

### विस अध्यक्ष ने भी दिया लेक्चर



*अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में मंत्रिपरिषद के प्रशिक्षण में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर।*

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र की मोहन यादव सरकार के मंत्रियों को प्रशाासनिक मामलों मे दक्ष बनाने के लिये आयोजित क्लास का आखिरी सत्र चल रहा है। आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में जारी इस लीडरशिप समिट में फिर शामिल हुए। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का स्वागत औषधि पौधा भेंट कर किया। अंतिम सत्र को यादव संबोधित करेंगे। वहीं वरिष्ठ मंत्री भी नये मंत्रियों को अपने अनुभव और कामकाज की बारीकी समझा रहे हैं। आज पहले सत्र में विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने प्रशासनिक समन्वय और विधानसभा कार्य प्रणाली पर अपने विचार रखें। इस सत्र में बजट, मंत्रालयीन कार्यप्रणाली, कार्य आवंटन नियम, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना पर चर्चा की गई। इसके साथ ही प्रशासनिक संरचना, मीडिया प्रबंधन और समन्वय व सुशासन में प्रौद्योगिकी के महत्व पर विशेषज्ञों ने विचार रखे। इसके बाद कुछ अन्य राज्य सरकारों की सफल योजनाएं तथा इंदौर के स्वच्छ एवं विकसित शहर के रूप में उभरने की यात्रा पर चर्चा शुरू हुई। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा राजेंद्र शुक्ला, वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल सहित अन्य सभी मंत्री भी क्लास में मौजूद हैं।

उल्लेखनीय है कि लीडरशिप समिट के पहले दिन रामभाऊ म्हालगी प्रबोधनी संस्थान के कार्यकारी संचालक डॉ. जयंत कुलकर्णी ने प्रशिक्षण की रूपरेखा और आवश्यकताओं को समझाया था। सांसद वीडी शर्मा, शिव प्रकाश और व्ही. सतीश ने शासन में नेतृत्व और कुशलता पर अपने विचार रखे। नीति आयोग के आनंद शेखर भी कामकाज पर लेक्चर दिया।

## राजनीतिक मोर्चाबंदी भी हुई तेज

**भोपाल।** मप्र में भाजपा व कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिये मोर्चाबंदी तेज कर दी है। भाजपा ने लोकसभा के क्लस्टर प्रभारियों की जिम्मेदारी बदल दी है। अब राजेंद्र शुक्ला को भोपाल व जगदीश देवड़ा को इंदौर का प्रभारी बनाया है, कैलाश विजयवर्गीको जबलपुर व नरोत्तम मिश्रा को सागर जैसे बड़े चुनाव क्षेत्रों का जिम्मा मिला है। जानकार सूत्रों का कहना है कि अंचलवार तैयारियों और समीकरणों को देखते हुए यह बदलाव किया गया है। राष्टीय संगठन की ओर से इन्हें कहा गया है कि हर हाल में वोट प्रतिशत बढाने के लिये काम करें।



### कांग्रेस के टिकट इसी महीने



दूसरी तरफ कांग्रेस ने इसी महीने के अंत तक अधिकांश टिकट तय करने की तैयारी की है। स्क्रीनिंग कमेटी की प्रमुख रजनी पाटिल ने कल दिनभर बैठकें और लोकसभा प्रभारियों से वन टू वन चर्चा के बाद कहा कि सीनियर नेता भी चुनाव मैदान में उतरेंगे तो ज्यादा बेहतर होगा। सूत्रों का कहना है कि लोकसभा प्रभारियों ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सीनियर नेता चुनाव लडने के प्रति ज्यादा उत्सुकता नहीं दिखा रहे हैं। दिग्विजय व नाथ का नाम तो प्रभारियों के पैनल में भी नहीं आया है। अजय सिंह और अरूण यादव भी चुनाव लडने से इंकार कर रहे हैं। पार्टी ने भोपाल और इंदौर में नाम तो मंगा लिये हैं लेकिन इनमें दमखम वाले नाम की खोज मुश्किल हो रही है।

# निजी रिसोर्ट में झारखंड विधायकों की बाड़ाबंदी, कल फ्लोर टेस्ट

**हैदराबाद, एजेंसी।**

झारखंड के सत्ताधारी गुट के विधायक हैदराबाद के एक प्राइवेट रिसॉर्ट में ठहरे हुए हैं, यह कल संभवत रांची के लिये उडान भरेंगे, जहां सरकार को फ्लोर टेस्ट से गुजरना है यानि बहुमत साबित करना है। जेएमएम के अलावा कांग्रेस ने झारखंड की अपनी गठबंधन सरकार बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। यही वजह है कि झारखंड के विधायकों को कांग्रेस ने अपनी सरकार वाले राज्य तेलंगाना में झारखंड के विधायकों को ठहराया है। बताया जाता है कि हैदराबाद के प्राइवेट रिसॉर्ट में ठहरे विधायकों पर भी पूरी नजर रखी जा रही है और तेलंगाना सरकार लगातार झारखंड के विधायकों के संपर्क में है। तेलंगाना के डिप्टी सीएम मल्लु भट्टी विक्रमार्का ने आज सुबह रिसॉर्ट में झारखंड के विधायकों से मुलाकात की। सत्ताधारी गुट ने किसी भी टूट से बचने के लिए विधायकों को हैदराबाद के रिसॉर्ट में



रखा हुआ है। 37 विधायक हैदराबाद के लियोनिया रिसॉर्ट में ठहरे हुए हैं। इस रिसॉर्ट में सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं और रिसॉर्ट के अंदर पुलिसकर्मी तैनात हैं। तेलंगाना कांग्रेस की प्रभारी दीपा दासमुंशी रिसॉर्ट में पूरे इंतजाम देख रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रिसॉर्ट के भीतर 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात हैं।

# अब शिक्षा मंत्री आतिशी के घर पहुंची क्राइम ब्रांच टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर क्राइम ब्रांच की टीम कल पांच घंटे चले नाटकीय ड्रामा के बाद नोटिस थमा सकी। अब आज दिल्ली पुलिस शिक्षा मंत्री आतिशी के घर भी नोटिस देने पहुंच गई। आतिशी घर पर मौजूद नहीं थी। कैम्प ऑफिस के लोगों से नोटिस रिसीव करने के लिए कहा गया। दिल्ली पुलिस ने आम आदमी पार्टी के सात विधायकों की भाजपा द्वारा खरीद-फरोख्त का प्रयास किये जाने के उनके आरोपों पर तीन दिनों के अंदर केजरीवाल से जवाब मांगा है। दिल्ली पुलिस की टीम आतिशी के घर से लौट गई है। पिछले सप्ताह केजरीवाल और आतिशी ने बीजेपी पर उनके विधायकों को खरीदने की कोशिश करने के गंभीर आरोप लगाए थे। केजरीवाल ने कहा था कि बीजेपी ने दिल्ली में उनकी सरकार गिराने के लिए आप के सात विधायकों को 25-25 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है।



## अखिलेश बोले-हमें न्याय यात्रा का न्योता नहीं मिला

**लखनऊ, एजेंसी।**



लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में विपक्ष के इंडिया ब्लॉक में सीट शेयरिंग को लेकर जोर रायशुमारी चल रही है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कांग्रेस को 11 सीटें देने का ऐलान किया है। इस बीच जब अखिलेश यादव से पूछा गया कि क्या वह कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल होंगे तो अखिलेश ने कहा कि कई बड़े-बड़े आयोजन होते रहते हैं, लेकिन हमें निमंत्रण ही नहीं मिलता है, तो क्या हम अपने आप निमंत्रण मांगें।

## विमान में महिला से छेड़छाड़



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दार्जिलिंग की रहने वाली 26 साल की एक महिला का दावा है कि फ्लाइट में यात्रा के दौरान एक सहयात्री ने उसके साथ छेड़छाड़ की। आरोपी द्वारा गलत तरीके से छूने की बात स्वीकार करने के बावजूद, बागडोगरा में विमान के क्रू मेंबर्स और सीआईएसएफ कर्मियों ने कथित तौर पर पीड़िता को शिकायत दर्ज करने से रोका। सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही महिला बीते दिनों स्पाइसजेट फ्लाइट से यात्रा कर रही थी। विमान में महिला के बगल में कोलकाता के एक लॉ स्कूल में पांचवें वर्ष का छात्र बैठा हुआ था। फ्लाइट ने उड़ान भरी तो महिला ने ईयरफोन लगा लिया और संगीत सुनने लगी। उसने महसूस किया कि एक युवक लगातार ताकाझांकी कर रहा है। महिला ने बताया कि बाद में मुझे महसूस कि मेरी बांह को दबाया जा रहा है. जब मैं आर्मरेस्ट की ओर मुड़ी, तो मैंने देखा कि उसने अपनी बायीं हथेली अपने दाहिने हाथ के नीचे रखी हुई थी और उसकी उंगलियाँ बार-बार मुझे टच कर रही हैं। स्पाइस जेट ने कहा है कि महिला यात्री की शिकायत के बाद दोनों यात्रियों को अलग-अलग सीटें आवंटित करके मामले को सुलझाने का प्रयास किया गया। बागडोगरा हवाई अड्डे पर पहुंचने पर, सहयात्री ने मांगी मांगी और महिला यात्री बिना लिखित शिकायत के चली गई।

# अब कांग्रेस राम मंदिर के लिए ₹ 100 करोड़ देगी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** अयोध्या में राम मंदिर के उद्घघाटन को राजनीतिक कार्यक्रम बताकर किनारा करने वाली कांग्रेस में अंदरखाने कई योजना चल रही हैं। इनमें से पहली कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सामने रखी है। इसके तहत राज्य में प्राचीन राम मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इस कदम को लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरे देश में हिंदुत्व की जो लहर भाजपा के पक्ष में गई है, उससे कांग्रेस को बड़ा झटका लग सकता है। इसकी भरपाई के लिये कांग्रेस कई जतन कर रही है। खास बात यह है कि कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया जिन्हें अक्सर नास्तिक कहा जाता है, वह मंदिरों में भी नजर आ रहे हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस अब भाजपा के कर्नाटक में 28 सीटें जीतने के दावे पर दांव मार रही है। अब सिद्धारमैया सरकार ने राज्य में लगभग 100 पुराने मंदिरों का नवीनीकरण करने की योजना बनाई है, जिसके लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। दरअसल अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, या सोनिया गांधी समेत किसी भी कांग्रेस के बड़े नेता का इसमें शामिल न होने से भी पार्टी के खिलाफ नकारात्मक संदेश गया है। ऐसे में कांग्रेस डैमेज कंट्रोल में जुटी है।

## बेरोजगारी की गारंटी हैं मोदी: प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बेरोजगारी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि वह चुनाव आते ही गारंटी की बात करने लगते हैं लेकिन सच यह है कि मोदी रोजगार नहीं, बेरोजगारी की गारंटी हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा, 'आंकड़ों के अनुसार देश में करीब 30 लाख सरकारी पद खाली हैं। हमारे करोड़ों युवा नौकरियों का इंतजार कर रहे हैं लेकिन पिछले 10 साल में भाजपा सरकार ने इन पदों को भरने के लिए दिखावे के सिवा कुछ नहीं किया।' उन्होंने कहा, 'जुलाई, 2022 में सरकार ने संसद को जानकारी दी थी कि आठ साल में 22 करोड़ युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन किया लेकिन नौकरी मिली मात्र सात लाख युवाओं को।

# एक पेन से हजार अकाउंट्स के चलते आरबीआई की रडार पर आया पेटीएम

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर बैन लगने से फास्टैग रिचार्ज, वॉलेट और इसके बैंक अकाउंट में पैसा जमा करने पर भी रोक है। पेटीएम की बैंकिंग सर्विस अब 29 फरवरी के बाद से काम नहीं करेगी। रिजर्व बैंक ने नियमों के उल्लघंन के कारण इस बैंक पर प्रतिबंध लगाने की बात कही है। बताया जा रहा है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक आरबीआई के रडार पर तब आया जब बिना सही पहचान के बनाए गए करोड़ों अकाउंट बैंक की पता चले। इन अकाउंट के तहत केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई थी। इतना ही नहीं इसने बिना पहचान के करोड़ों रुपये का लेन-देन भी किया था, जिससे मनी लॉड्रिंग की आशंका पैदा हुई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आरबीआई के प्रतिबंध लगाने का एक सबसे बड़ा कारण यह रहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक 1 पैन पर 1,000 से अधिक यूजर्स के अकाउंट जुड़े हुए थे। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने कहा है कि फंड की हेराफेरी का कोई भी सबूत पाया जाता है तो ईडी पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर जांच करेगा।




**ट्रेडिंग लिमिट घटा:** स्टॉक एक्सचें और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने डिजिटल भुगतान फर्म पेटीएम के शेयरों के लिए दैनिक ट्रेडिंग सीमा को घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है।

**मेट्रो एंकर**

### आडवाणी की सिध्दांतों पर अड़े रहने की अदा...

# व्हाइट मनी के लिए 30 लाख का नुकसान उठाया...

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारत रत्न से नवाजे जा रहे पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी भले ही अपने राजनीतिक जीवन में प्रधानमंत्री पद तक न पहुंच सके लेकिन शुचिता और सिद्धांतों के बूते उन्होंने भारतीय राजनीति में खास पहचान बनाई वे भाजपा के लौहपुरूष भी कहलाते रहे। 1996 के हवाला डायरी का मामला उनके राजनीतिक कॅरियर का महत्वपूर्ण मोड़ था जब आडवाणी ने सिर्फ इसलिए लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था, क्योंकि उनके नाम का संकेत करने वाले कुछ शब्द डायरी में पाए गए थे। हालांकि कई और दलों के नेताओं के नाम भी थे लेकिन आडवाणी ही ऐसे राजनेता थे, जिन्होंने ऐलान किया कि जब तक वे निर्दोष साबित नहीं होंगे, वे चुनाव नहीं लड़ेंगे।

सार्वजनिक ही नहीं, उन्होंने व्यक्तिगत जीवन में भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह बात बहुत कम लोगों को मालूम है कि जब उन्हें दिल्ली में अपना एक प्लाट बेचने की नौबत आई तो उस वक्त भी उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर वित्तीय घाटा तो उठाया लेकिन सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। दिल्ली के प्रीत विहार में उनका प्लाट था। कुछ वित्तीय जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए आडवाणी को प्लॉट बेचना पड़ा। लेकिन मामला तब अटका, जब आडवाणी इस बात पर अड़ गए कि वे वही रकम लेंगे, जो रजिस्ट्री में निर्धारित होगी। दरअसल, जब प्रॉपर्टी बिकती है तो उस पर खरीददार टैक्स कम देने के लिए रजिस्ट्री में प्रॉपर्टी की कीमत कम दिखाकर बाकी हिस्सा कैश देता है। मगर आडवाणी इसके लिए तैयार नहीं हुए। दिल्ली के कुछ नेताओं ने आडवाणी को समझाने की कोशिश की कि पूरी वाइट रकम की जिद की तो शायद प्लॉट की पूरी कीमत न मिले। नतीजा यह हुआ कि उस प्लॉट की जो रकम उन्हें मिल सकती थी, उससे लगभग 30 लाख रुपये उन्हें कम मिले। लेकिन इसके बावजूद वह अपने सिद्धांत पर अड़े रहे।



### 700 लोगों की चाय बनवाने कार्यक्रम रोका

दिल्ली से सांसद रमेश बिधूड़ी के मुताबिक, आडवाणी चाहे पार्टी अध्यक्ष रहे, सांसद या फिर उपप्रधानमंत्री, उनका अपने कार्यकर्ताओं के साथ संबंधों पर कभी कोई असर नहीं दिखा। जब वह उपप्रधानमंत्री बने तो गुर्जर समुदाय के लोगों के साथ वह उनका सम्मान करना चाहते थे। किसी तरह मान-मनौव्वल से आडवाणी तैयार हो गए। आडवाणी को बताया गया कि 60 से 70 लोग ही होंगे लेकिन सम्मान वाले दिन सात सौ से अधिक लोग पहुंच गए। इतनी भीड़ देख आडवाणी बेहद नाराज हो गए। बाद में पता चला कि आडवाणी नहीं चाहते थे कि उनके घर जो लोग भी आए हैं, वे बिना चाय पानी के वापस जाएं। लिहाजा कार्यक्रम लेट कराकर उन्होंने इस बीच पहले चाय पानी का इंतजाम कराया और फिर कार्यक्रम शुरू करने की इजाजत दी।

### नमी कम होने और शुष्कता बढ़ने से बदले हालात

# ठंड के तेवर कम पड़े तो घटने लगा वायु प्रदूषण

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**प्रदेश में ठंड के तेवर कम पड़ते ही वायु प्रदूषण के स्तर में भी कमी आने लगी है। एक महीने पहले तक भोपाल, ग्वालियर , इंदौर और जबलपुर जैसे शहरों का इंडेक्स 200 से 300 के बीच था। ग्वालियर में तो कई बार यह 400 तक पहुंच गया था। अब इसमें तेजी से कमी आ रही है। आने वाले दिनों में इसमें और गिरावट आनी तय है। लोगों को वायु प्रदूषण से राहत मिलना शुरू हो गई है। इसके पहले श्वास लेने समेत कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। प्रदूषण का स्तर कम होने से राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को राहत मिलनी शुरू हो गई है।**

#### प्रदूषण में गिरावट की वजह

**नमी का** असर कम हुआ है, जिसके कारण वातावरण में मामूली शुष्कता बढ़ी है इसलिए प्रदूषण फैलाने वाले कण सतह से ऊपर तक फैल रहे हैं इसलिए एक ही सतह पर इनका स्तर कम हुआ है। पूर्व में नमी पाकर कण भारी हो जाते थे और ऊपरी वायु मंडल तक नहीं पहुंच पाते थे।



फाइल फोटो

#### लेकिन वातावरण के लिए खतरा बरकरार

विशेषज्ञों की माने तो रिकार्ड में भले ही वायु प्रदूषण कम हो रहा हो लेकिन वातावरण के लिए यह बना हुआ है और इसमें कोई कमी नहीं आ रही है। बस इतना हो रहा है कि नमी कम होने से कणों में भारीपन कम हो रहा है जिसके कारण कण एक ही स्तर पर न होकर उपरी वायु मंडल में फैल रहे है, जिसके कारण रिकार्ड में ये नहीं आ रहे हैं लेकिन वातावरण में तो प्रदूषण मौजूद है, जिसकी वजह से होने वाले नुकसान जारी रहेगा।

## भोपाल रेल्वे स्टेशन पर पार्किंग के बदतर हालात



भोपाल रेल्वे स्टेशन पर व्यवस्थायें बदहाल हैं। प्लेंटफार्म नंबर 1 की तरफ वाह्नों की बेतरतीब पार्किंग से समस्या बढ रही है और पुलिस चौकी पर ताला है। -फोटो निर्मल व्यास




## जेपी अस्पताल में आएगी दांतों की डिजिटल एक्सरे मशीन

**रेडिएशन का खतरा भी कम, गर्भवती महिलाएं भी एक्सरे करा सकेंगी**

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

राजधानी स्थित जेपी अस्पताल में दांत का इलाज कराने पहुंचने वाले मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। जेपी अस्पताल में दांतों के डिजिटल एक्सरे के लिए अब आधुनिक मशीन लगाई जाएगी।

मरीजों को इस सुविधा का निःशुल्क लाभ मिलेगा। अगले एक सप्ताह तक यह मशीन अस्पताल में जाएगी। इससे दंत चिकित्सकों को ऑपरेशन के दौरान भी मदद मिल सकेगी। बताया जा रहा है कि इस मशीन से रेडिएशन का खतरा भी कम रहेगा। ऐसे में गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाएं भी इससे एक्सरे करा सकती हैं। इसमें एक कैमरा और एक सेंसर डिवाइस है। इससे दांत के एक्सरे को मॉनिटर पर भी देख सकते हैं।



#### मोबाइल फोन पर भी मिलगी एक्सरे रिपोर्ट

मरीज को इसका प्रिंट भी दिया जा सकता है। उसके मोबाइल फोन पर भी एक्सरे रिपोर्ट भेजी जा सकती है। इस मशीन से एक्सरे होने से मरीजों के समय की भी बचत होगी।

### संगीत सभा



**भोपाल।** राष्ट्रीय इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में आयोजित हिंदी सम्मेलन के अंतर्गत महादेवी वर्मा, निराला, बच्चन, मधुर शास्त्री, डॉ पुरुषोत्तम चक्रवर्ती आदि कवियों की कविताओं की सांगीतिक प्रस्तुतियों की श्रंखला में मुकेश बंसोडे के गायन का चित्र।

### जनसंपर्क स्टेनो शुक्ला का निधन



**भोपाल।** जनसंपर्क संचालनालय से रिटायर्ड स्टेनो रामकृष्ण शुक्ला का लंबी बीमारी के चलते कल निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोलार के सनखेडी में किया गया।

### कोलार सिक्स लेन: दोनों ओर का 18 किलोमीटर निर्माण पूरा

## कोलार सिक्स लेन की प्रगति रिपोर्ट लेने पहुंचे रामेश्वर



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कोलार सिक्स लेन का दौरा किया शर्मा ने ज़िला पंचायत के सीईओ ऋतुराज सिंह से कजलीखेड़ा के आस पास सब्ज़ी मंडी के लिए जगह चिह्नित कर यहाँ बड़ा हाट बाज़ार विकसित करने को कहा । शर्मा ने कहा कि इस क्षेत्र में सिक्स लेन की वजह से बहुत तेज़ी से बसाहट हो रही है हाट बाज़ार बनने से यहाँ स्थानीय रोज़गार सहित नागरिकों को सुविधा मिलेगी। कोलार सिक्स लेन केवल परिवहन सुगमता तक ही सीमित रखा जाये ऐसा नहीं है हमे इस सिक्स लेन पर ऐसी स्कीमें लानी है जिससे गाँव ग़रीब किसान के बेटा बेटियों को रोज़गार के नये नये अवसर प्राप्त हों।

विधायक रामेश्वर ने ड्रेन और रोड के बीच लगे पाथ वे पर पेविंग ब्लॉक कार्य का अवलोकन किया। यहाँ पानी का ड्रेनेज ठीक से हो ऐसे निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि डी मार्ट तक सिक्स लेन का कार्य लगभग पूर्ण है इस पूरे मार्ग पर मशीनों द्वारा धूल साफ़ करने के निर्देश दिये। गोल जोड़ से डी मार्ट तक सभी स्ट्रीट लाइट चालू करने के निर्देश दिये। इनायत पुर स्थित पुल निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करने के निर्देश विधायक शर्मा ने दिये है।

#### रामेश्वर ने लिया जाजया , 10 पुलिया बनी, 4 में से 3 बड़े पुल भी बने

**मेट्रो एंकर** | भारत रत्न की घोषणा पर आतिशबाजी की, मिठाई बांटीं

## आडवाणीजी के साथ-साथ उनके आदर्शों और सिद्धांतों का भी सम्मान

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

भोपाल के राजा भोज की प्रतिमा के समक्ष पूर्व उपप्रधानमंत्री आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा पर आतिशबाजी कर मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर सिंधु सेना अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा भारत के विकास में दिया अविस्मरणीय योगदान रहा है, भारत रत्न आडवाणीजी का नहीं अपितु एक व्यक्ति के रूप में न केवल उनका, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों का भी सम्मान है, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में शामिल होने के बाद से जीवन में उन्हें जो भी जिम्मेदारी मिली, उसे निभाते हुए अपने प्रिय देश की समर्पित और निस्वार्थ सेवा की ।

इस अवसर पर अनिल थारवानी ने कहा जिन्होंने भारत को मजबूत बनाने के लिए किया रात दिन काम,जो पारदर्शिता और अखंडता के लिए थे प्रतिबद्ध,जो राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए रहे प्रयासरत, भारत माता की सेवा के लिए समर्पित रहा जिनका तन मन,ऐसे भारत माता के लाल को मिल रहा है भारत रत्न उनको बधाई। दर्शन कुकरेजा ने कहा देश के समस्त सिंधी समाज ने आडवाणी जी को भारत रत्न देने के लिए राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया ।




इस अवसर पर ललित लछवानी,रवि बजाज,यशपाल तनवानी,राकेश कृपलानी, विनय भूरानी,हितेश आहूजा, अमित तलरेजा,भगवानदास ढालिया, सुनील सराठे, अजय माधवानी सहित युवा साथी उपस्थित थे।

## राष्ट्र के लिए समर्पित किया पूरा जीवन

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

विधायक रामेश्वर शर्मा ने लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा पर कहा कि आडवाणीजी ने राष्ट्रीय प्रगति को ही अपना ध्येय मानकर आजीवन कार्य किया। यह सम्मान उन करोड़ों राष्ट्रप्रेमियों का भी सम्मान है, जिन्होंने मनसा-वाचा-कर्मणा राष्ट्रीय प्रगति को ही अपना ध्येय मानकर कार्य किया। यह सम्मान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को प्राप्त अद्भुत गौरव भी है, जो पीढ़ियों को संगठन निष्ठा की प्रेरणा देगा।

#### आडवाणी इस सम्मान के हकदार थे : वासवानी

दीपमाला पागरानी पब्लिक स्कूल परिवार ने आडवाणीजी को भारत रत्न मिलने पर बधाई दी है। भारत सरकार का आभार जताया है। संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कहा कि लालकृष्ण आडवाणी इस सम्मान के के हकदार थे एवं जीते जी उनको यह सम्मान दिया जाना गौरव का विषय है। संस्था के बसंत चेलानी, सुरेश राजपाल, नरेश वासवानी, चन्दर नागदेव, पुरूषोत्तम टिलवानी, नारायणदास लालवानी, राजकुमार झमटानी, विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, उपप्राचार्या मीनल नरयानी, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम एवं समस्त शिक्षक समुदाय ने आडवाणीजी को बधाई दी है।

### एमपी बोर्ड : मोबाइल का प्रयोग परीक्षा केन्द्र में प्रतिबंधित, पेपर का पैकेट भी निगरानी में खोला जाएगा

# डीपीआई के अधिकारी होंगे परीक्षा कंट्रोल रूम में तैनात, मॉनिटरिंग रूम भी तैयार

**गणित, अंग्रेजी, फिजिक्स, केमिस्ट्री के पेपर में केंद्रों पर वीडियोग्राफी कराई जाएगी**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** 5 फरवरी से शुरू होने वाली एमपी बोर्ड की दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं के लिए इस बार पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। माशिमं द्वारा बनाये गए परीक्षा कंट्रोल रूम में इस बार लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारी भी तैनात रहेंगे। लोक शिक्षण संचालनालय में एक मॉनिटरिंग रूम भी बनाया गया है। कैमरों से परीक्षा केंद्रो की मॉनीटरिंग की जाएगी। इसी के साथ गणित, अंग्रेजी, फिजिक्स, केमिस्ट्री के पेपर में परीक्षा केंद्रों पर वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

यह जानकारी देते हुए आयुक्त, लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि माशिमं द्वारा तय प्रकियाओं के अनुसार परीक्षाओं के संचालन के लिये तैनात अमले द्वारा मोबाइल का प्रयोग परीक्षा केन्द्र में नहीं किया जाएगा। प्रश्नपत्र का पैकेट परीक्षा केन्द्र में ही खोला जाएगा। परीक्षा कार्य से जुड़े अमले को विशेष निर्देश जारी किये गये हैं। आयुक्त लोक शिक्षण ने बताया कि सोशल मीडिया के टेलीग्राम व्हाट्सएप आदि प्लेटफार्म पर पेपर लीक करने संबंधी अवैधानिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिये साइबर सेल द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसके लिये साइबर सेल और विभाग की बैठकें नियमित रूप से हो रही हैं।

### जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है



आयुक्त लोक शिक्षण ने बताया कि पेपर लीक संबंधी भ्रामक जानकारी फैलाये जाने और धोखाधड़ी का प्रयास करने जैसी अवैधानिक गतिविधियों से शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग जागरूकता अभियान संचालित कर रहा है। विभाग ने परीक्षा कार्य से जुड़े मैदानी अमले को बोर्ड के दिशा-निर्देशों का बड़ी सावधानीपूर्वक क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये हैं।

### तीन हजार 800 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा

प्रदेश भर में तीन हजार 800 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा होगी। इसमें संवेदनशील व अति संवेदनशील केंद्रों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। इस संबंध में माशिमं ने निर्देश जारी कर दिए हैं। इसमें भोपाल जिले के 106 परीक्षा केंद्र भी शामिल हैं। दोनों परीक्षाओं में इस साल करीब 17 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसलिए संवेदनशील एवं अंति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर उडनदस्ता टीमों के अलावा पर्यवेक्षकों की भी नजर रहेगी। पर्यवेक्षक टीम में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों, कलेक्टर प्रतिनिधि को शामिल किया जाएगा।

### 5वीं 8वीं की परीक्षाओं के लिए पंजीयन की आज अंतिम तिथि

## आठवीं के लिए 100 और पांचवी के लिए देना होगा 50 रुपए का शुल्क

कक्षा पांचवी और आठवीं की वार्षिक परीक्षा सत्र 2023-24 के आयोजन को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा पंजीयन की प्रक्रिया कराई जा रही है। जारी निर्देशों के अनुसार, विद्यार्थियों का पंजीयन 4 फरवरी तक किया जाएगा। परीक्षा पोर्टल पर छात्र पंजीयन के लिए कक्षा 5 वीं के 50 रूपए और कक्षा 8वीं के लिए 100 परीक्षा शुल्क रखा गया है। परीक्षा शुल्क की राशि बच्चें से नहीं ली जाएगी। सरकारी स्कूलों में शासन और निजी स्कूलों में संस्था द्वारा इसका भुगतान किया जाएगा। परीक्षा पोर्टल पर छात्रों के पंजीयन के बाद अर्धवार्षिक परीक्षा के अंक भी अपलोड किए जाएंगे। परीक्षा के लिए 8 फरवरी तक प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे।

### अतिरिक्त सुविधा लेने वाले दिव्यांगों की जानकारी

## 15 तक अपलोड करना होगा पूरा विवरण

माशिमं की परीक्षाएं पांच फरवरी से शुरू हो रही हैं। मंडल द्वारा इसको अतिरिक्त समय, परीक्षा शुल्क से छूट, कंप्यूटर या टाइप राइटर चयन की सुविधा दी जा रही है। परीक्षा में कितने छात्र-छात्राएं इस सुविधा का लाभ ले रहे हैं। मंडल ने इस साल बोर्ड परीक्षा में दिव्यांग विद्यार्थियों को कई तरह की राहत दी है। दृष्टिहीन, मानसिक विकलांग एवं हाथ की हड्डी टूट जाने या हाथ की खराबी से लिखने में असमर्थ विद्यार्थी शामिल हैं। प्राचार्यों को यह जानकारी 15 फरवरी तक जीटूजी लॉगइन से अपलोड करना होगी। विशेष परिस्थिति में ही केंद्राध्यक्ष यदि आवश्यक हो तो लेखक बदलने की अनुमति देकर इसकी सूचना मंडल मुख्यालय को भेजेंगे।

## स्व-रोजगार के लिए मिलेगा एक लाख लोन के साथ किट




### प्रशिक्षण में परिप्रेक्ष्य और प्रथाएं पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गांव में विलुप्त हुए हुनर को फिर से बच्चों को सिखाएंगे। साथ ही स्वरोजगार शुरू करने के लिये एक लाख का लोन और 15 हजार रुपये की किट भी देंगे। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में 18 विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह बात कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने कही। भोपाल स्थित पीएसएस केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान में 'व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण में परिप्रेक्ष्य और प्रथाएं' पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का शनिवार को समापन हुआ। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने संस्थान में स्थापित कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा पर आधारित सेल्फी प्वाइंट और आईओटी बेस्ड इरिगेशन मॉनिटरिंग एंड कंट्रोल सिस्टम का उद्घाटन किया। संगोष्ठी में देशभर से आए शोधार्थियों ने व्यावसायिक शिक्षा को लेकर अपने शोध प्रस्तुत किए। संस्थान चल रहे बूटकैंप के दूसरे दिन राजधानी के चार स्कूलों के 47 छात्र-छात्राओं ने स्वयं ड्रोन बनाकर विशेषज्ञों के समक्ष प्रदर्शन किया। राज्य मंत्री टेटवाल ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। टेटवाल ने कहा कि हमने मप्र को कौशल युक्त-बेरोजगार मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। ऑटोमोटिव सेक्टर स्किल काउंसिल और मानव संसाधन प्रमुख गरिमा झांब ने ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल की भूमिका एवं जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजय कुमार भूषण ने कहा कि इंडस्ट्री और एकेडमिया के बीच समन्वय होना चाहिए। इण्डस्ट्री की जरूरत के अनुसार ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाए जाएं।

### सर्वाइकल कैंसर का ज्यादा खतरा, बचाव के इंतजाम नहीं

## आंगनबाड़ी से बांटे जाने थे स्वच्छता अपनाने वाले पैड, नहीं दे पा रही सरकार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कैंसर में सबसे ज्यादा खतरा महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर का होने लगा है। हर साल मौतों का आंकड़ा बढ़ रहा है तब भी इस गंभीर बीमारी से निपटने के इंतजाम नहीं है, बीमारी से बचाव में सहायक बनने वाले पैड का वितरण भी आंगनबाड़ी केंद्रों से बंद कर दिया है। आज भी 90 प्रतिशत ग्रामीण महिलाएं व किशोकिरयां मासिक धर्म के दौरान एक ही कपड़े का बार-बार उपयोग करने के लिए मजबूर है, जो कि सर्वाइकल कैंसर की संभावनाओं को बढ़ा देता है। इस गंभीर खतरे को देखते हुए राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों में सेनेटरी पैड वितरण शुरू किया था लेकिन यह ज्यादा समय तक नहीं चल पाया।



उल्लेखनीय है कि कई आंकड़े इस ओर इशारा कर रहे हैं कि कैंसर का खतरा बढ़ रहा है। यह बात सरकार भी मानती है। तभी तो हाल ही में आए केंद्रीय बजट में कैंसरों के प्रकारों में से एक सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 9 से 14 वर्ष तक की किशोरियों को बचाव के लिए टीके लगाने की घोषणा की है। इधर, मप्र केवल केंद्र के भरोसे बैठा है न तो प्रदेश में व्यापक स्तर पर कैंसर का पता लगाने के लिए स्क्रीनिंग हो रही है और न ही जिला अस्पतालों में इलाज मिल पा रहा है। केवल खानापूर्ति की जा रही है। वहीं कैंसर के बचाव के साधनों का भी टोटा है, जबकि कैंसर को बढ़ावा देने वाली स्थितियां तेजी से फल-फूल रही है। धूम्रपान से होने वाले कैंसर की बात करें तो गली-मोहल्ले और चौराहों पर धूम्रपान और नशे को बढ़ावा देने वाले दुकानें सज रही है, आए दिन नई खुल रही है। जिन पर किसी तरह की कोई रोक-टोक नहीं है। विशेषज्ञों की माने तो युवा पीढ़ी के बाद कई तरह के नशे के शिकार कम आयु वर्ग के बच्चे भी हो रहे हैं। इसकी वजह आसानी से नशे की उपलब्धता है। विशेषज्ञों की माने तो इस पर सरकार को ठोस निर्णय लेने की जरुरत है जो कि कहीं न कहीं धूम्रपान वाली सामग्रियों से मिलने वाला टैक्स है।

## वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में अनुभूति शिविर का आयोजन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

वन विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम के तहत मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के समन्वय से वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में सातवां प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य वन, वन्य प्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है। कार्यक्रम में अंकुर हायर सेकेण्डरी स्कूल, शिवाजी नगर, भोपाल सेवन हिल्स पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल, भोपाल तथा अंकुर हायर सेकेण्डरी स्कूल, दयानंद नगर, भोपाल के 135 छात्र-छात्राएं एवं 7 शिक्षकों सहित कुल 142 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कैम्प का संचालन एसके सिन्हा, सहायक संचालक, वन विहार द्वारा किया गया। अतिरिक्त मुख्य सचिव वन जेएन कनसोटिया एवं असीम श्रीवास्तव मुख्य वनवबल प्रमुख ने बाघ का मानव के लिए उपयोगिता एवं खाद्य श्रृंखला में उसकी स्थिति के संबंध में प्रश्नों के उत्तर दिए। डॉ. समिता राजोरा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मध्य प्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड कैम्प कैंप की थीम 'मैं भी बाघ' पर पर महत्व देते हुए बच्चों को बाघ के गुण अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में सम्मिलित हुये प्रत्येक बच्चे को अनुभूति बैग, केप, पठनीय सामग्री, स्टीकर, पेन, ब्रोशर, बैच प्रदान किये गये।

## मुख्यमंत्री ने कहा- अब भाजपा को कोई रोकने वाला नहीं



### लोकसभा चुनाव कार्यालय की शुरुआत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भाजपा के भोपाल लोकसभा चुनाव कार्यालय की शुरूआत के मौके पर मुख्यंत्री मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस ने भगवान रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकरा तो दिया, लेकिन अब न तो उगलते बन रहा और न निगलते। कांगेस के अच्छे कर्म नहीं हैं, पहले भी कांग्रेस भगवान राम के अस्तित्व को सर्वोच्च न्यायालय में नकार चुकी है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता भोपाल लोकसभा में पिछली बार से अधिक मतों से जीत का रिर्काड बनाने कार्य पर जुट जाएं। यह समय सनातन पर गर्व करने का समय है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को कोई रोकने वाला नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में कांग्रेस सरकार की नकारात्मकता और गुजरात मॉडल पर देश के विकास के नाम पर वोट मांगे थे। भारत की जनता ने लोकतंत्र के प्रति परिवक्वता दिखाते हुए 2014 में भाजपा की स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई थी। इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में हमने सुशासन व विकास के नाम पर वोट मांगे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भोपाल की जनता ने हिंदुत्व को बदनाम करने वाले को धूल चटाने का कार्य किया है।

यह चुनाव 2047 के विकसित भारत के संकल्प का चुनाव है। विधानसभा चुनाव में सर्वाधित मत प्रतिशत भोपाल में बड़ा है। 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने का संकल्प लेकर कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव कार्य में जुट जाएं। इस मौके पर लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, सह प्रभारी तीश उपाध्याय, महामंत्री हितानंद ने सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने भी संबोधित किया।

**मेट्रो एंकर** एनसीसी कैडेट्स को दिए 6 लाख 25 हजार के पुरस्कार

# एनसीसी भाग्य को सौभाग्य में बदलने का मार्ग प्रशस्त करती है - मुख्यमंत्री

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मानव जीवन भाग्य से मिलता है और भाग्य को सौभाग्य में बदलने का रास्ता एनसीसी से प्राप्त होता है। भारत एक बड़ी आबादी वाला देश है। इसमें जल, वायु, थल सेना की संख्या मात्र साढ़े तेरह लाख है और इन साढ़े तेरह लाख जवानों पर पूरा देश अपनी सुरक्षा का विश्वास करता है। हमारी सेना हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है। सेना की इस गौरवशाली परम्परा से जुड़ने का मार्ग एनसीसी से निकलता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह 2024 के अवसर पर लगे कैम्प में शामिल हुए राष्ट्रीय कैडेट्स कोर के मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ निदेशालय के प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री निवास परिसर में संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने कहा कि घुड़सवारी में 6 पदक जीतना महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मप्र व छत्तीसगढ़ के कैडेट्स द्वारा अर्जित की गई उपलब्धियां सराहनीय हैं। सभी कैडेट्स बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपलब्धियां प्राप्त करने वाले कैडेट्स को सम्मानित भी किया। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 6 लाख 25 हजार के पुरस्कार के रूप में चैक भी प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एनसीसी के कार्यक्रम में भाग लेना अपने परिवार में आने के समान है। मैं स्वयं शाला स्तर पर एनसीसी का सक्रिय कैडेट रहा हूं। कैडेट्स द्वारा अर्जित की गई उपलब्धियां उनकी प्रतिबद्धता की परिचायक हैं। मुझे विश्वास है कि कैडेट्स अगले वर्ष प्रथम स्थान का लक्ष्य रखकर परिश्रम के साथ निरंतर प्रयास करेंगे। एनसीसी का ध्येय वाक्य एकता, अनुशासन और संगठन के प्रति समर्पण है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इन उद्देश्यों के साथ कार्य करना हम सबको गौरव और आत्म-सम्मान प्रदान करता है। प्रधानमंत्री ने दीपावली का पर्व सीमा पर खड़े सेना के जवानों के साथ मनाकर अद्भुत आदर्श प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है। हमें आगे कई लक्ष्य प्राप्त करने हैं। एनसीसी के माध्यम से देश के सभी युवा प्रेरणा पाएं। गणतंत्र दिवस शिविर के दौरान 28 राज्यों और 8 केन्द्र शासित प्रदेशों के कैडेट्स के साथ बिताया समय जीवनभर की यादों की धरोहर बनता है। अलग भाषा, अलग प्रदेश फिर भी अपना एक देश, इस भिन्नता के बाद भी देश की एकता और आत्मीयता का अनुभव ऐसे शिविरों में ही होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्व में मानवता के मूल्यों की स्थापना करने में हमारे देश की विशिष्ट पहचान है। हम वसुधैव कुटुम्बकम के विचार को मानकर पूरे विश्व को अपना परिवार मानते हैं। स्वामी विवेकानंद ने कहा था 21वीं शताब्दी भारत की होगी और वर्तमान में भारतीय, विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों से विश्व को हमारे देश की प्रतिभा और सक्षमता का परिचय करा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, इस नाते बहुत सी चुनौतियां भी विद्यमान हैं। युवा पीढ़ी और एनसीसी जैसे संगठनों के बल पर देश निरंतर प्रगति करेगा। एनसीसी में मिलने वाला प्रशिक्षण कैडेट्स की सफलता का आधार होगा।






# डाक टिकटों से पहले भी रहा है रामायण का गहरा नाता, समय के साथ ऐसे हुए हैं बदलाव

■ अंकिता पाण्डेय

भारतीय डाक ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर 18 जनवरी को छह डाक टिकट जारी किये. इनमें अयोध्या में बन रहे मंदिर, गणेश, हनुमान, जटायु तथा रामायण के केवट एवं शबरी प्रसंग को दिखाया गया. मिनिएचर शीट पर रामचरितमानस की बहुप्रसिद्ध चौपाई 'मंगल भवन अमंगल हारी। द्रवउ सो दसरथ अजिर बिहारी।।' उद्धृत है. इन डाकटिकटों के साथ एक बुकलेट भी जारी हुई जिसमें 20 देशों के रामायण पर आधारित डाक टिकटों का विवरण है. यह पहला मौका नहीं है कि जब डाक टिकट पर राम की छाप दिखी है. रामायण और भारतीय डाक का सम्बन्ध काफी पुराना है।

उन्नीसवीं शताब्दी में जब भारत में छापेखाने का व्यापक प्रसार हुआ तो रामकथा को लोगों तक पहुंचाने का एक नया माध्यम मिल गया. गीता प्रेस, श्रीवेंकटेश्वर प्रेस और इंडियन प्रेस आदि प्रतिष्ठानों ने आधुनिक भारतीय भाषाओं में रामायण और अन्य प्राचीन ग्रंथों को करोड़ों घरों तक पहुंचाया. लेकिन यह सब एक सुदृढ़ डाक व्यवस्था के कारण ही संभव हो सका जिसने बम्बई (वर्तमान मुम्बई) और गोरखपुर जैसे नगरों को देश के हर कोने से जोड़ दिया. इस दौरान राम और हनुमान से जुड़े राजप्रतीक और आदर्श वाक्य रियासतों के सरकारी लिफाफों और पोस्टकार्ड पर देखने को मिले. व्यापारी और आम लोग पत्राचार की शुरुआत राम-राम के साथ करते और लिफाफों एवं पोस्टकार्ड पर रामायण से प्रेरित चित्र छपने लगे. रामायण की डाक यात्रा में एक नया अध्याय 1935 में जुड़ा जब जॉर्ज पंचम के शासन की रजत जयंती के अवसर पर रामेश्वरम मंदिर समेत भारत के स्मारकों पर सात टिकट जारी हुए।



1905 - श्रीवेंकटेश्वर प्रेस का रामायण गुटके का विज्ञापन - मिर्ज़ापुर भेजा गया लिफ़ाफ़ा




1929 - धनुर्धारी श्रीराम (लिफ़ाफ़े पर ऊपर बांयी तरफ)- गोजरा, वर्तमान पाकिस्तान के तोबा टेक सिंह जिले में

## भक्तकालीन कवियों को भी मिली जगह

आजादी के बाद पहले गणतंत्र दिवस (1950) पर सरकार ने चार स्मारक डाक टिकट जारी किये. इनमें से एक पर गांधी जी के प्रिय भजन की एक पंक्ति 'रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीता राम' उद्धृत है. हाल ही में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 'भारत-लोकतंत्र की जननी' के सन्देश को लोगों तक पहुंचाने के लिये तीन डाक टिकट जारी हुए. इन टिकटों के प्रथम दिवस आवरण पर पुष्पक विमान पर सवार राम, लक्ष्मण और देवी सीता के अयोध्या लौटने के दृश्य को दिखाया गया है. यह चित्र भारतीय संविधान की मूल प्रति में मौलिक अधिकार के अध्याय से लिया गया है. वाल्मीकि रामायण को समकालीन परिवेश में ढाल कर कहने सुनने की बड़ी पुरानी और व्यापक परम्परा रही है. आजादी के बाद डाक विभाग ने इस समृद्ध परंपरा पर अनेक टिकट जारी किये. सर्वप्रथम 1952 में भारतीय डाक ने छह संतों और कवियों को डाक टिकट जारी कर सम्मानित किया. भारत में पहली बार फोटोग्राव्योर तकनीक से छपे इन टिकटों में तुलसीदास के साथ मीराबाई, सूरदास, कबीर, गालिब और टैगोर शामिल थे. इस टिकट श्रृंखला की विवरणिका में रामचरितमानस की एक बहुत ही सुन्दर चौपाई जो सियाराम के प्रति प्रेम और आदर का बड़ा ही सजीव चित्रण करती है को उद्धृत किया।

**सीय राममय सब जग जानी। करउँ प्रणाम जोरी जुग पानी।। (बालकाण्ड, 7.2)**

**अर्थात् सारे जगत को सीताराममय जानकर मैं दोनों हाथ जोड़ कर प्रणाम करता हूं.**

साठ के दशक में कवि कालिदास (1960) पर जारी टिकट विवरणिका में उनकी कृति 'रघुवंशम्' से दो श्लोक अंग्रेजी में अनुवाद के साथ उद्धृत किये गए. इसके बाद 1961 में महान संगीतज्ञ त्यागराज की 114वीं पुण्यतिथि पर जारी टिकट की विवरणिका में तेलुगु में उनकी रचित 'रामकथा सुधा' से कुछ पंक्तियां अंग्रेजी में अनुवाद के साथ उद्धृत की गई. फिर चोलकालीन कवि कम्बर (1966) और महर्षि वाल्मीकि (1970) पर डाक टिकट निकाले गए. वाल्मीकि के टिकट पर राम, लक्ष्मण और देवी सीता के वनगमन का बड़ा सुन्दर चित्रण देखने को मिलता है. सन् 1975 में तुलसीदास की रामचरितमानस पर जारी डाक टिकट के प्रथम दिवस आवरण पर मद्रास संग्रहालय के सौजन्य से पूर्व चोलकालीन (लगभग 1000 ई.) राम की मूर्ति चित्रित है. इस टिकट पर बालकाण्ड की एक चौपाई उद्धृत की गयी।

## कला और संस्कृति

हमारे जीवन में रामकथा सिर्फ मंदिरों और साहित्य तक सीमित नहीं है. इस बात की झलक डाक टिकटों पर भी देखने को मिलती है. सन् 1974 में लोक नाटकों में प्रयोग किये जाने वाले मुखौटों पर चार टिकट जारी हुए, जिनमें से एक पर रामलीला में रावण के दशानन रूप का मुखौटा था. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की संस्थापक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कमलादेवी चट्टोपाध्याय (1991) पर जारी डाक टिकट में रावण कठपुतली के रूप मेंचित्रित है. फिर 2000 में मधुबनी-मिथिला चित्रकला पर जारी चार डाक टिकटों में से एक बालि और सुग्रीव के युद्ध पर आधारित है . मंदिर स्थापत्य-कला शैली (2001) के अंतर्गत जारी चार टिकटों में से एक बहुप्रसिद्ध रामेश्वरम मंदिर पर है. 2008 में दीपावली और मैसूर एवं कोलकाता के दशहरों पर तीन डाक टिकट जारी हुए और उनके प्रथम दिवस आवरण पर दशानन का पुतला दिखाया गया. इस तरह से पिछले दस सालों में रामायण से जुड़े तीस से ज्यादा डाक टिकट जारी हुए. आजादी के बाद यह पहला मौका था जब एक वृहद स्तर पर डाक टिकटों में रामकथा का चित्रण हुआ. लेकिन साठ और सत्तर के दशक के टिकटों की तुलना में अब साहित्यिक और अध्यात्मिक पहलुओं पर जोर नहीं है।

**लेखक : ओड़िआ महाभारत की चुनिंदा कहानियां लिख चुकीं हैं, यह उनके विचार हैं। - साभार**

**यह पहला मौका नहीं है कि जब डाक टिकट पर राम की छाप दिखी है. रामायण और भारतीय डाक का सम्बन्ध काफी पुराना है**





मनोविज्ञान

# जिसे अवसाद समझ रहे हैं वह बर्न आउट तो नहीं, लेकिन दोनों में है बड़ा फर्क....

यो मामजमनादिं च वेत्ति लोकमहेश्वरम्। असम्मूढः स मर्त्येषु सर्वपापैः प्रमुच्यते।। अर्थात् जो मुझको अजन्मा अर्थात् वास्तव में जन्मरहित, अनादि और लोकों के महान् ईश्वर तत्व से जानता है, वह मनुष्यों में ज्ञानवान् पुरुष संपूर्ण पापों से मुक्त हो जाता है। भीष्म पर्व, गीता 10/3 ( अर्जुन के प्रति साक्षात् भगवान श्रीकृष्ण का गीतोपदेश )



■ यशोधन शर्मा

आप इतना थका हुआ महसूस कर रहे हैं कि फोन पर किसी से बात करना तो दूर फोन की घंटी बजते ही उसे उठाकर दीवार पर फेंकने को आतुर हैं। आपको न तो अपना घर पसंद आ रहा है और न ही साथ रहने वाले लोग। आपको नहीं पता कि थकान की यह लहर बर्न-आउट है या फिर किसी तरह का अवसाद। आप सही शब्द ढूंढने में नाकाम होकर अपने दोस्तों को बस यही कहते हैं कि मैं थक गया हूं। इंग्लैंड की केंट यूनिवर्सिटी में मनोविज्ञान की प्रोफेसर और लेखिका एंजेला नील-बार्नेट कहती हैं, 'अमूमन बर्न-आउट को काम की अधिकता से जोड़ा जाता है, लेकिन हर मामले में ऐसा नहीं है।' वह कहती हैं, 'जब लोगों को ऐसा महसूस होता है कि दैनिक जीवन पर उनका नियंत्रण नहीं है, तो वे अपने कार्यों की छोटी-छोटी बातों में उलझ कर परेशान हो सकते हैं। ऐसे लोग अपनी नौकरी के प्रति भी अनमने दिखते हैं। जब लोगों को लगता है कि वे कुछ नहीं कर सकते, वे सहानुभूति खोजने लगते हैं और वह न्यूनतम काम करने लगते हैं, जो उन्हें नौकरी पर बनाए रखने के लिए जरूरी हो।'

## परिस्थितियां बदलने से अवसाद

विश्व स्वास्थ्य संगठन भी बर्न-आउट को रोग न मानकर, काम से जुड़ी एक सामान्य घटना मानता है। लेकिन वह अवसाद को रोग मानता है, जिसमें लोग उन गतिविधियों का आनंद उठाने में असमर्थ हो जाते हैं, जिन्हें कभी वे काफी महत्व देते थे। वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर जेसी गोल्ड के अनुसार बर्न-आउट और अवसाद दोनों में आप कम या ज्यादा सो सकते हैं, लेकिन अवसाद की अंतिम परिणति इस विचार के साथ हो सकती है कि जीवन जीने लायक नहीं है, जबकि बर्न-आउट में ऐसा नहीं होता। अमेरिकी साइकिएट्रिक ऐसोसिएशन की डॉ रेबेका ब्रेंडल कहती हैं कि दोनों में मुख्य फर्क यह होता है कि जब आप काम से दूर होते हैं, तब बर्न-आउट खत्म होने लगता है, जबकि परिस्थितियां बदलने से अवसाद में कमी नहीं आती।

## ऐसे मिल सकते हैं जादुई नतीजे

अवसाद की वजहें आनुवंशिक हो सकती हैं या जीवन में किसी दर्दनाक घटना को सहने या फिर बड़े बदलाव से गुजरने वालों में अवसाद की समस्या हो सकती है। बर्न-आउट खुद भी अवसाद के लिए जमीन तैयार कर सकता है। डॉ गोल्ड के अनुसार, 'अवसाद हो या बर्न-आउट दोनों में फर्क जरूर है लेकिन किसी तरह का मूवमेंट दोनों स्थितियों में कारगर साबित हो सकता है। प्रकृति को निहारते हुए दस मिनट की वॉक (व्यायाम की तरह नहीं) से काफी फायदा मिल सकता है। कुछ समय के लिए खुद को मोबाइल स्क्रीन से दूर रखने के भी जादुई नतीजे होते हैं।' **- साभार**

# शादी करें अभी, कर्ज चुकाएं बाद में वेडिंग लोन का बढ़ता चलन

■ लोकमित्र गौतम

शादी-ब्याह में आजकल पैसों के त्वरित इंतजाम हेतु वेडिंग लोन का चलन बढ़ता जा रहा है। इंडियालेंड्स द्वारा अक्तूबर-नवंबर 2023 में 25 से 40 साल की उम्र वाले 1200 मिलेनिअल्स के बीच देश के 20 शहरों में किये गए एक सर्वे के मुताबिक, 40 प्रतिशत युवा अपनी शादी में 5 लाख से 25 लाख रुपये तक का लोन लेकर खुद इसका खर्च उठा रहे थे। इनमें से युवतियों की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत थी। जिन लोगों के बीच यह सर्वे किया गया था, उनका सीधा रिश्ता उन 35 लाख शादियों से था, जो 1 नवंबर से 15 दिसंबर 2023 के बीच संपन्न हुई थीं। जबकि साल 2018-19 में 20-30 वर्ष की आयु के युवा भारतीयों में से करीब 20 फीसदी ने वेडिंग लोन के लिए आवेदन किया था,लेकिन कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के दौरान वेडिंग लोन की मांग 33 फीसदी तक बढ़ गई थी। विवाह ऋण आवेदनों में तब हुई इस वृद्धि का सबसे बड़ा कारण शादी की तैयारियों में हुई एक साल की देरी के कारण इनके बजट में हुई वृद्धि थी।संभव हो तो हर भारतीय की खूब धूमधाम से शादी करने की दिली ख्वाहिश होती है। शादियों के अर्थशास्त्र के मुताबिक, एक औसत भारतीय शादी का खर्च इन दिनों 500,000 से लेकर 5 करोड़ रुपये तक है। भारतीय लोग शादी में अपने जीवनभर की कमाई का औसतन पांचवां हिस्सा खर्च कर देते हैं। इंडियन मैरिज सेक्टर, सालाना 25 से 30 फीसदी की दर से तेजी से बढ़ रहा है। यह अलग बात है कि अपनी अंतर्निहित विशेषताओं के कारण, भारतीय विवाह व्यवसाय कोरोना महामारी के दौरान बेहद नुकसान की हालत में गया था। लेकिन 2021 में 2020 की तुलना में खर्च में 57 फीसदी की वृद्धि हुई और 2022-23 में यह कोरोना के पहले के स्तर पर लौट आया। इसमें ब?ी भूमिका मुंबई, बंगलूरु, लखनऊ, जयपुर और दिल्ली एनसीआर जैसे शहरों में घर से बाहर जाकर शादियों के बढ़ते चलन के कारण रही।



**गुलजार बाजार में बैंकों की दस्तक:** पहले की तरह शादियां अभी भी भारतीयों की जिंदगी के सबसे खर्चीले मौकों में से एक बनी हुई हैं। भारत का बैंकिंग और वित्तीय बाजार अब इस शानदार क्षेत्र को भुनाने की भरपूर तैयारी कर चुका है। यही कारण है कि एक तरफ जहां उपभोक्ता कल्चर को बढ़ावा देकर शादियों को ज्यादा से ज्यादा धूमधाम वाला अवसर बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ इन शादियों को बैंक और वित्तीय संस्थान फाइनेंस करने के लिए ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद लोगों के बीच अप्रोच कर रहे हैं। आजकल टीवी सीरियल, सिनेमा और सोशल मीडिया पर आकर्षक शादियां दिखायी जाती हैं जो लोगों को खूब खर्च करने के लिए उकसाती हैं। ऐसे में शादी के लिए होटलों और मैरिज रिसॉर्ट्स की जबरदस्त मांग बड़ी है। मल्टीनेशनल कंपनियों और सर्विस सेक्टर में ब्लू कॉलर जॉब कर रहे युवा अब घरों से शादी करने में खास रोमांच नहीं महसूस करते हैं।

## डेस्टिनेशन शादियों का ट्रेंड

आज शादी करने की योजना बना रहे 100 में से 10 युवाओं से पूछिए तो वे कहेंगे कि वे गंतव्य शादियों के बारे में सोचते हैं। देश में कई शहर गंतव्य या डेस्टिनेशन मैरिज के शानदार केंद्र बनकर उभरे हैं। इनमें जयपुर, उदयपुर, मसूरी और लोनावाला सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं। शादियों को यादगार बनाने की ख्वाहिश को पूरा करने के लिए आज जहां बाजार में कपड़ों से लेकर मनोरंजन तक के बेहद आकर्षक थीम मौजूद हैं, वहीं इन सबका खर्च उठाने के लिए बैंक और वित्तीय संस्थान पलकें बिछाये खड़े हैं।आपके पास जरूरी दस्तावेज हों तो एक हफ्ते से भी कम समय में मैरिज लोन मिल जायेगा। शहरों में अब 10 से 15 फीसदी शादियां बैंक या वित्तीय संस्थानों द्वारा दिए गये लोन के जरिये होती हैं। एक तरह से देखें तो यह बहुत अच्छी सुविधा है, क्योंकि शादियां तो हमेशा किसी से उधार लिए बिना नहीं होती थीं। फर्क सिर्फ इतना था कि पहले आमतौर पर लोगों को यह उधार साहूकारों या रिश्तेदारों से लेना पढ़ता था।

**पैरेंट्स को भी रास आया:** आज आसानी से मिल रहा मैरिज लोन सिर्फ युवाओं को ही नहीं उनके पैरेंट्स को भी भा रहा है। क्योंकि उन्हें बच्चों की शादी के लिए साहूकारों या रिश्तेदारों के सामने हाथ नहीं फैलाने पढ़ते। आज शादी करने वाला हर चौथा शहरी युवा अपने घरवालों पर बोझ डालने की बजाय 20 से 25 लाख रुपये तक का मैरिज लोन खुद लेना पसंद कर रहा है। उसे यह लोन आसानी से व लगभग तुरंत ही मिल भी रहा है बशर्ते उसका कम से कम मिडिल पैकेज यानी 8 से 12 लाख सालाना की जॉब हो। हां, जरूरी दस्तावेज होने चाहिये। कुल 2,00,000 करोड़ से ज्यादा के सालाना मैरिज कारोबार में करीब 20,000 करोड़ रुपये का सालाना लोन कारोबार दिया जा रहा है। जानकारों का मानना है कि 2030 तक देश का सालाना मैरिज लोन बाजार करीब 80,000 करोड़ रुपये की सीमा पार कर जायेगा, जबकि सालाना शादी कारोबार 4,00,000 करोड़ रुपये से ज्यादा होगा। विशेषज्ञ मानते हैं कि आने वाले सालों में देश का मैरिज लोन बाजार स्वास्थ्य बीमा बाजार से बड़ा हो जायेगा। इसके इसलिए भी बढ़ने के आसार हैं, क्योंकि मैरिज लोन बाजार काफी प्रतिस्पर्धी बाजार है, क्योंकि आज 11 से 20 फीसदी की सालाना ब्याज दर पर उपलब्ध यह लोन साहूकारों से लिए गये उधार के बदले चुकाये जाने वाली ब्याज दर के मुकाबले काफी कम है। साहूकार आमतौर पर 2 से 3 फीसदी मासिक दर पर कर्ज देते हैं, जो कि बैंकों और वित्तीय संस्थानों के मुकाबले 200 से 300 फीसदी तक महंगा होता है। साथ ही आरबीआई की गाइडलाइन से जुड़े वित्तीय संस्थान भी मैरिज लोन 18 से 20 फीसदी सालाना ब्याज दर पर देते हैं। यही कारण है कि इन दिनों मैरिज लोन का चलन तेजी से बढ़ रहा है।

**भारतीय विवाहों में खर्च:** इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने साल 2018-19 में,भारत में शादी बाजार के खर्च संबंधी आंकड़े आंके थे जिनके मुताबिक, भारत में हर वर्ष होने वाली कुल शादियां लगभग 1 करोड़ हैं। इन शादियों के लिए हर साल सोने और हीरे के कुल आभूषणों की बिक्री करीब 90,000 करोड़ रुपये की होती है। इसी तरह शादियों के लिए हर साल करीब 50,000 करोड़ रुपये के कपड़े बिकते हैं। वहीं फर्नीचर की बिक्री करीब 30,000 करोड़ रुपये की होती है तो होटल आदि की बुकिंग पर 7,000 करोड़ रुपये से 10,000 करोड़ रुपये खर्च होते हैं।

## कलेक्टर ने डाइट संस्थान पचमढ़ी का किया निरीक्षण

# जोन स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल बच्चों को दिया मार्गदर्शन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट पचमढी में दो दिवसीय जोन स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन 2 फरवरी से 3 फरवरी तक किया जा रहा है। जिसमें कक्षा 6 से 8 वी तक तथा 9 से 12 वी तक की विभिन्न प्रतियोगिताओं में हरदा , बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया है।

शनिवार को कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना ने पचमढ़ी डाइट संस्थान का निरीक्षण कर यहां जोन स्तरीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से चर्चा कर उनके द्वारा बनाएं गए विज्ञान मॉडल के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही छात्र-छात्राओं से अनुभव सांझा कर उन्हें उचित मार्गदर्शन भी प्रदान किया। इस दौरान हरदा जिले के कक्षा-8वीं की छात्रा जया मालाकार



ने अपनी कलेक्टर बनने के लिए इच्छा जाहिर की, जिस पर कलेक्टर सुश्री मीना ने छात्रा को अपनी शिक्षा पूर्ण कर यूपीएससी की तैयारी करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया। कलेक्टर सुश्री मीना ने प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न मॉडलों की प्रसंशा कर प्रसन्नता व्यक्त की एवं बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने डाइट में रिक्त पद एवं पुराने छात्रावासो में आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में भी चर्चा कर पृथक से समस्त अभिलेखों के साथ बैठक आयोजित करने के लिए प्राचार्य डाइट को निर्देशित किया। इस दौरान एसडीएम पिपरिया संतोष कुमार तिवारी ,प्राचार्य डाइट पचमढ़ी सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# राजस्व कार्यशाला: सेवानिवृत आईएएस रूपला ने राजस्व प्रकरणों की बारीकियों को बताया



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

राजस्व अधिकारी कैसे कम समय में राजस्व संबंधी प्रकरणों का विधिवत निराकरण कर सकें। ताकि जनसामान्य को समय पर राजस्व विभाग की सेवाओं से लाभान्वित हो सकें। साथ ही राजस्व संबंधी प्रकरणों के संबंध में किए गए परिवर्तनों से जनप्रतिनिधियों और अधिवक्ताओं को जानकारी देने के उद्देश्य से नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार शनिवार को कलेक्ट्रेट में राजस्व कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एसएन रूपला, सेवा निवृत्त पूर्व अपर कलेक्टर मनोज कुमार ठाकुर द्वारा राजस्व अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को राजस्व संबंधी प्रकरणों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

**राजस्व अधिकारियों और अधिवक्तागणों को राजस्व प्रकरणों के संबंधी दी जानकारी**

इस अवसर पर विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव,इटारसी नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे,अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अनिल जैन,सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ , डिप्टी कलेक्टर नीता कोरी सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार सहित अन्य जनप्रतिनिधि ,अधिवक्तागण और पत्रकारगण उपस्थित रहे।

कार्यशाला में आईएएस श्री एस एन रूपला द्वारा भू राजस्व संहिता में किए गए अमूलचूल परिवर्तन जिसमें भूमिस्वामियों का नामांतरण, पट्टे का नामांतरण, अविवादित नामांतरण और बटवारा के प्रकरणों में किए गए कानूनी परिवर्तन, विभिन्न प्रारूपों और उनके निराकरण, अधिकार अर्जन की सभी सूचनाएं और समयसीमा, प्राप्त सूचनाओं पर प्रकरण निर्धारित समयसीमा में दर्ज होना, दर्ज प्रकरणों की सार्वजनिक सूचना और हितबद्ध सूचना, सुनवाई के अवसर, ऑर्डर की कॉपी उपलब्ध कराना, नामांतरण के कारण, खातों का बटवारा, पंजीयन शुल्क इत्यादि बिंदुओं पर रोचक ढंग से जानकारी दी गई। साथ ही राजस्व न्यायालय के सुचारू संचालन की रणनीति भी बताई गई। पूर्व अपर कलेक्टर मनोज कुमार ठाकुर द्वारा कार्यशाला में राजस्व अधिकारियों को नजूल निवर्तन नियम संबंधी दिशा निर्देशों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। अंत में आईएएस श्री रूपला ने राजस्व प्रकरणों के संबंध में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया।

## बढ़ते साइबर क्राइम से सचेत रहने की पाठशाला का हुआ आयोजन

# डिजिटलाइज्ड युग में साइबर क्राइम के तरीके से बचाव, सेफ्टी टिप्स देकर किया जागरूक



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

एसडीएएम महाविद्यालय सिवनी मालवा में साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए साइबर सुरक्षा अभियान के तहत साइबर सेमिनार का आयोजन किया। इस दौरान सिवनी मालवा थाना में पदस्थ एसआई सोनाली चौधरी ने डिजिटलाइज्ड हो रहे युग में साइबर क्राइम के तरीके , बचाव और सेफ्टी टिप्स देकर लोगो को जागरूक किया।

उन्होंने कॉलेज के छात्रङ्खछात्राएं एवं शिक्षकों से कहा आप स्टूडेंट है या नौकरी पेशा घरेलू महिला है या फिर कोई कामकाजी साइबर क्राइम के प्रति हर इंसान को सचेत रहना चाहिए। आप साइबर क्राइम का शिकार नहीं हो, इसके लिए आपको स्टॉकिंग , फिशिंग , साइबर हरासमेंट ,मफिंग, टास्क फ्रॉड,ओटीपी, टू स्टेप वेरीफिकेशन और ट्रांजैक्शन पासवर्ड जैसे साइबर क्राइम से संबंधित सब जानकारी होना चाहिए। वरना, साइबर अपराधियों के झांसे में आकर साइबर क्राइम का शिकार बनते आपको देर नहीं लगेगी। अपराधी शिकार को फसाने के लिए हिंदी का प्रयोग करते हैं। क्योंकि हिंदी सभी लोग जानते हैं, इसलिए आसानी से वे शिकार बन जाते हैं। गूगल पर सर्च करते समय और विभिन्न प्रकार के मोबाइल ऐप को डाउनलोड करते समय अतिरिक्त सावधान रहे। सोच समझ कर ही किसी को अपना मोबाइल के कैमरे, ऑडियो ,वीडियो, स्टोरेज लोकेशन आदि की जानकारी दें। आपको टारगेट कर अपराधी आपके गार्जियन तक पहुंच कर उनके बैंक खाते में सेंधमारी अथवा उन्हें ब्लैकमेल कर सकते हैं। कॉलेज के रजिस्टर राजेश कुशवाहा ने कहा लोग सोशल मीडिया का इस्तेमाल तो करते हैं लेकिन वर्चुअल दुनिया से अलग हकीकत में इससे होने वाले अपराधों के प्रति लापरवाह है इस अभियान से जुड़कर ओटीपी, सीबीबी,केवाईसी ,आधार ,पेन जैसे धोखाधड़ी के बारे में जानकारी प्राप्त कर लाभ लेना चाहिए जैसे हमारे कॉलेज ने लिया है। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय स्टॉफ उपस्थित था।

### छात्र-छात्राओं को अनुउपयोगी वस्तुओं से कैसे करें रोजगार



सिवनी मालवा कुसुम महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद का जन्म मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमे अनुपयोगी वस्तुओं में रोजगार के अवसर विषय पर चर्चा की गई कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. राजेश रघुवंशी, डॉ. ए. के. यादव एवं प्रो. एस. के. अग्रवाल ने माँ सरस्वती के पूजन अर्चन से किया। वर्कशॉप के ट्रेनर विनोद राव पाली राजस्थान की उपस्थित प्रतिभागियों को कागज से विभिन्न कलाकृतिओं जैसे फ्लावर, डॉल, गुलदस्ता, हार, चैन एवं कपड़े पर ऊन से शिल्पकारी के विविध आयटम बनाना सिखाया। वर्कशॉप के समापन पर स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी रमाकांत सिंह ने सभी उपस्थित अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में कमल सिंह अहिरवार, डॉ. प्राची सिंह, नवनीत सोनारे सहित समस्त शैक्षणिक स्टॉफ एवं छात्र छात्रा उपस्थित रहें।

# सेवानिवृत्त व कारसेवक कर्मचारियों को मजदूर संघ ने किया सम्मानित



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका कर्मचारी मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरपालिका कर्मचारी मजदूर संघ के कार्यालय डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी काम्प्लेक्स में महिला कर्मचारी श्रीमती भागवति बाई जो कि नगरपालिका के पीडब्ल्यूडी विभाग पार्क में पदस्थ थी. उन के सेवानिवृत्त पर एंव 1992 में भगवान श्री राम जी के मंदिर निर्माण को लेकर नगरपालिका में पदस्थ कर्मचारियों में मनोहर सराठे,राममोहन अग्रवाल( लल्ला ) राजेश गोस्वामी, स्वर्गीय रामकुमार बोहरे के स्थान पर उनके पुत्र दीपक बोहरे का शाल श्रीफल पुष्पमाला से स्वागत सम्मान किया गया मजदूर संघ ने नगरपालिका के सीएमओ से अपेक्षा कि 1992है की सेवानिवृत्त महिला कर्मचारी श्रीमती भागवति बाई को उनकी संपूर्ण देयक राशि का भुगतान किया जावे नगरपालिका में पदस्थ कर्मचारी जिन्होंने भगवान श्री राम जी के मंदिर निर्माण को लेकर कारसेवक के रूप में अपना योगदान दिया है इससे शहर के साथ साथ उन्होंने मजदूर संघ को भी गौरवान्वित किया है इस अवसर पर ओपी रावत, महेश वर्मा, सुखदेव भार्गव, राजेश दीवान, मुकेश कदम, दिलावर बेग, कुंजीलाल मासतकर इत्यादि कर्मचारी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सांस अभियान तहत पांच वर्ष तक के शिशुओं कि जांच व उपचार के लिए किया निर्देशित

**विदिशा।** सांस अभियान में डिसीजन सर्पोट सिस्टम के माध्यम से 0 से 5 वर्ष के शिशुओं के जांच एवं उपचार हेतु जिले कि समस्त ए.एन.एमध सी.एच.ओं एवं आर.बी. एसके चिकित्सकों द्वारा डिसीजन सर्पोट सिस्टम टूल का इस्तेमाल करने हेतु एनएचएम मिशन संचालक ने निर्देशित किया है कि राज्य स्तर से वीसी के माध्यम से संबंधित को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। परन्तु संबंधित के द्वारा अब तक डिसीजन सर्पोट सिस्टम टुल के माध्यम से 0से 5 वर्ष तक के शिशुओं की जांच एवं उपचार ना किये जाने के कारण राज्य स्तर नराजगी व्यक्त की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी ने जिले में ततसंबंधी कार्यो के क्रियान्वयन हेतु सभी को निर्देशित किया है कि अपने-अपने विकासखण्डों के समस्त एएनएम , सीएचओं एवं आरबीएस के चिकित्सकों को निर्देशित कर डिसीजन सर्पोट सिस्टम के माध्यम से पांच वर्ष तक के शिशुओं कि जांच एवं उपचार कराना सुनिश्चित करें।

गौरतलब हो कि पांच वर्ष की आयु के शिशुओं की उत्तरजीविता को बढ़ाने हेतु प्रतिबद्ध इस दिशा में निरंतर नवाचार एवं हर शिशु तक पहुँच बनाने हेतु अभियान चलाये जा रहे है। इसी कड़ी में 12 नवम्बर 2023 से 29 फरवरी 2024 तक सांस अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान के दौरान पांच वर्ष तक के सभी शिशुओ का आंकलन एवं उचित उपचार जमीनी कार्यकर्ता (एएनएम एण्ड सीएचओ) द्वारा किया जा रहा है। शिशुओ की उचित जांच एवं उपचार हेतु रास्ट्रीय स्वास्थ मिशन, मध्य प्रदेश एवं निपी द्वारा सांस अभियान के दिशा निर्देश एवं भारत सरकार की अद्यतन आईएमएनसीआई प्रशिक्षण मोड्यूल के आधार पर डीएसएस टूल तैयार किया गया है। सभी जमीनी कार्यकर्ता को प्रशिक्षित कर इस टूल के मध्यम से पांच वर्ष तक के सभी शिशुओ की जांच एवं उचित उपचार किया जाना सुनिश्चित करे के निर्देश प्रसारित किए गए हैं।

# केंद्रीय बजट पर कॉलेज में हुई छात्र-छात्राओं से चर्चा

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**



शासकीय कुसुम महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की अर्थशास्त्र परिषद द्वारा महाविद्यालय में बजट 2024-25 पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बजट 2024-25 अर्थशास्त्र परिषद के अध्यक्ष एम ए तृतीय वर्ष की छात्रा कुमारी प्राची ठाकुर ने बजट क्या है राजकोषीय घाटा राजस्व घाटा और प्राथमिक घाटे के बारे में बताया। अर्थशास्त्र परिषद के उपाध्यक्ष एम ए प्रथम वर्ष के छात्र इमरान शाह ने बजट के इतिहास के बारे में बताया। अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रेम नारायण परते ने बताया अंतरिम बजट में राजकोषीय घाटा 2023-24 में 5.8 प्रतिशत से घटकर 2024 25 में 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है साथ ही बजट का निर्धारण कैसे किया जाता है इस पर जानकारी दी। अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीमती गीता डोंगरे ने बजट की शुरुआत कहां से हुई, बजट की आर्थिक विकास दर के साथ-साथ निवेश की दृष्टि से भारत निवेशकों की पहली पसंद है, भारत अगला चीन बनेगा। जापान का भारत में निवेश उच्चतम स्तर पर है अर्थशास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ मोहन सिंह गुर्जर ने अंतरिम बजट और बजट में अंतर बताया। बजट के लिए कौन-कौन सी मद से कितना रुपया प्राप्त होता है उधर एवं अन्य देयताए से 28त्न, निगम कर से 17त्न, आयकर से 19त्न, एवं जीएसटी से 18त्न, प्राप्त होता है 24-25 में बजट आवंटन में ब्याज ब्याज अदायगी पर 20त्न, केंद्रीय क्षेत्र की योजना पर 16त्न, पेंशन पर 4त्न, करो और शुल्कों पर राज्यों का हिस्सा 20त्न आर्वटित किया जाता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आर के रघुवंशी ने अर्थशास्त्र विभाग की अर्थशास्त्र परिषद द्वारा आयोजित बजट चर्चा पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था डिजिटल युग में प्रवेश करने से छोटे उद्यमी को बाजार में पहुंच बनाने का मौका मिल गया। इस अवसर पर राजनीति विभाग के विभाग अध्यक्ष एस के अग्रवाल ने भी बजट पर अपने विचार व्यक्त किया। इस दौरान अर्थशास्त्र विभाग के सभी छात्र-छात्राएं अर्थशास्त्र विभाग की पूरी परिषद एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

**मेट्रो एंकर**

## समर्थन मूल्य पर गेंहू पंजीयन का कार्य कल से

# किसान गिरदावरी में दर्ज फसल, रकबा अनुसार होगा पंजीयन

**विदिशा, दोपहर मेट्रो**

रबी उपार्जन 2024-25 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर विक्रय हेतु गेंहू के लिए पंजीयन कार्य पांच फरवरी से प्रारंभ हो रहे जो एक मार्च 24 तक किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि साहू ने बताया कि विदिशा जिले में कृषकों के पंजीयन हेतु विभिन्न तहसीलों में कुल 126 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये है। जिनमें सामान्य एवं सिकमी कृषक अपना निशुल्क पंजीयन करा सकेगे, इसके साथ ही कृषक स्वंय अपने मोबाईल द्वारा एमपी किसान एप के माध्यम से एवं ग्राम पंचायत स्थित सुविधा केन्द्र से पंजीयन करा सकते हैं।

उपार्जन के लिये किसान पंजीयन व्यवस्था सहज और सुगम साधन उपलब्ध कराने की दृष्टि से किसान पंजीयन की सुविधा एम.पी.ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोकसेवा केन्द्र एवं साईबर कैफे पर भी उपलब्ध कराई जाने का निर्णय लिया गया है जिन पर 50 रूपये के निर्धारित शुल्क पर पंजीयन लिया जावेगे। वर्ष 2024-25 में पंजीयन कराने हेतु कृषकों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन करने होंगे। इसके अलावा भू-ऋण पुस्तिका की छायाप्रति ।आधार की छायाप्रति । किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध कराना होगी। इस हेतु आधार से लिंक बैंक खाते की छायाप्रति, ( चूंकि कृषकों को भुगतान उनके आधार लिंक बैंक खातें में ही किया जायेगा इसलिये यह सुनिश्चित किया जावे कि कृषक का बैंक खाता एनपीसीआई अंतर्गत आधार से लिंक है)।

पंजीयन कराने और फसल बेचने के लिए आधार नंबर



का वेरीफिकेशन कराना अनिवार्य होगा। वेरीफिकेशन आधार नंबर से लिंक मोबाईल पर प्राप्त ओटीपी से या बायोमेट्रिक डिवाईज से किया जा सकेगा।किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा जबकि भू अभिलेख में दर्ज खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। भू अभिलेख एवं आधार डाटा में किसान का नाम त्रुटिपूर्ण होने पर राजस्व अमले अथवा आधार पंजीयन केन्द्र से नाम में संशोधन कराना होगा।

किसान गिरदावरी में दर्ज फसल, रकबा अनुसार पंजीयन किया जा सकेगा। गिरदारवरी में दर्ज रकबा एवं फसल से संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में किसान को गिरदावरी में दावा आपत्ति करना होगी। दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत पंजीयन किया जा सकेगा।

किसान उपार्जन केन्द्र पर जाकर फसल बेचने के लिये अपने परिवार के किसी सदस्य पिता, भाई, पुत्र, पति आदि को नामित कर सकेगें, नामित व्यक्ति का भी आधार वेरीफिकेशन किया जावेगा।

वनाधिकार पटटाधारीध्सिकमीदार किसानों को वनपटटा एवं सिकमी अनुबंध निर्धारित वैद्य तिथि का प्रस्तुत करना होगा, जो कप्यूटर आपरेटर द्वारा पोर्टल पर अपलोड किया जावेगा।

सिकमी बटाईदार , कोटवार एवं वन पटटाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं विपणन सहकारी समिति स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। उक्त श्रेणी के शत प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जावेगा।

अतः किसान बंधुओ से अनुरोध है कि उक्त निर्देशानुसार निर्धारित समयावधि में अपनी बोई गयी फसल का पंजीयन कराकर शासन की योजना का लाभ उठावे।








# लापरवाही से सड़क की हो रही मरम्मत!

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

बासौदा नाके से लेकर नहर की पुलिया तक की सड़क लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है। गड्ढों में तब्दील हो चुकी सड़क को ठेकेदार के द्वारा यहां पर सड़क की मरम्मत का काम शनिवार से प्रारंभ करवा दिया पर काम करने वाली लेबर के द्वारा लापरवाही से अपने काम को अंजाम दिलवाया जा रहा है । जिसकी वजह से सड़क कुछ दिनों के बाद ही फिर गढ़ों में तब्दील हो जाएगी सड़क पर डामर डालने से पहले उसकी सफाई भी नहीं कराई गई है धूल के ऊपर ही डामर डाला जा रहा है जो कुछ दिनों के बाद वाहनों के आने-जाने के दौरान ही निकल जाएगा धूल के कारण डामर चिपकता नहीं है। इसकी जानकारी होने के बाद भी आंखें बंद करके ठेकेदार के कर्मचारी लीपा-पोती करने में लगे हुए हैं । जिम्मेदार विभाग के अधिकारी भी इसको देखने के लिए नहीं पहुंच रहे हैं। इसी वजह से ठेकेदार के कर्मचारी अपने हिसाब से घटिया काम करके शासन के पैसे का दुरुपयोग जरूर कर रहे हैं।



# कुष्ठ रोग पखवाड़ा, कुष्ठ के विरूद्ध आखिरी युद्ध

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



शासकीय राजीव गांधी अस्पाताल में अन्मूल कार्यक्रम के अंतर्गत 30 जनवरी से लेकर 13 फरवरी तक कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में मनाया जाता है । जिसमे महात्मा गांधी जी के द्धारा कुष्ठ रोगियों की सेवा के माध्यम से यह संदेष समाज में देने का प्रयास है कि कुष्ठ रोग के प्रति समाज में जों भ्रम भय भ्रांति भेदभाव व्याप्त है वह निराधार है । कुष्ठ एक साधारण बीमारी है जो जीवाणु से होती है अन्य किसी के कारण से नही । कुष्ठ खान पान या छुआछुत से नही होता पाप श्राप से नही होता कुष्ठ रोग जीवाणु से से होने वाली बीमारी है जिसमे चमडी के रंग से फीकी हल्के बदरंग पीले या गुलाबी रंग के एक या अनेक दाग होते है । इन दागो में न दर्द होता न चुभन न ठंडा लगता है न गरम ये दाग सुखे सुन हो जाते है । इस कार्यक्रम में बीएमओं विकास सिंह बघेल जीएल पवार एनएमए आदि लोग उपस्थित रहे ।

### मिली भगत से ठेकेदार चूरी और घटिया सीमेंट से डाल रहे थे सीसी सड़क

# अध्यक्ष, सीएमओ ने हटवाई चूरी, घटिया सीमेंट, क्या दोबारा बनेगी सड़कें?

## विधायक के निर्देशों को हवा उड़ा रहे हैं जिम्मेदार, विकास के नाम पर हो रहा भ्रष्टाचार



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा भ्रष्टाचार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं करने की बात लगातार उनके द्वारा मंचों के माध्यम से कई जा रही है । फिर भी शहरी क्षेत्र में विकास के नाम पर घटिया सामग्री डालकर खुलेआम भ्रष्टाचार किया जा रहा है। यह सब खुलेआम हो रहा है देखने के लिए नगर पालिका के उपयंत्री और अन्य अधिकारी पहुंचते ही नहीं है। इसी बात का फायदा उठाकर ठेकेदार अपने हिसाब से गुणवत्ता विहीन मटेरियल का उपयोग करके भ्रष्टाचार के खेल को अंजाम दे रहे हैं। इसकी पोल सड़क बनने के चंद दिनों के बाद ही खुलने लगती है। जिस समय निर्माण कार्य होता है उस समय जांच करने के लिए जिम्मेदार पहुंचने नहीं है। इनकी अनदेखी की सजा शहर वासी भुगत रहे हैं। ठेकेदारों के द्वारा किए गए घटिया काम हकीकत कुछ दिनों के बाद सामने आती है। समय निर्माण कार्य होता है यदि इस समय घटिया काम को होने ना दिया जाए तो सड़के कई सालों तक चले।

सब अपना-अपना फायदा देखते हैं इस वजह से जनता के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है विधायक के निर्देशों के बाद भी नगर पालिका उपयंत्री ध्यान नहीं दे रहे हैं। यह फिर सब इनकी मिली भगत से ही घटिया काम हो रहा है। और जनता की टैक्स की कमाई से बनने वाली सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है । इसी तरह का एक मामला शनिवार को सामने आया वार्ड नंबर 6 में ठेकेदार के द्वारा घटिया काम को अंजाम दिया जा रहा था प्रदेश टुडे के द्वारा घटिया काम की सूचना जैसे ही कमो राम प्रकाश साहू को दी इसके बाद वहां नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ के साथ स्वयं अमले को लेकर पहुंचे और नर्मदा रेत की जगह पर चूरी एवं घटिया क्वालिटी के सीमेंट से सीसी डालने पर नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल उसको मौके से हटवाते हुए कहा कि बगैर गुणवत्ता के निर्माण कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा घटिया काम करोगे तो भुगतान भी नहीं करेंगे इसके बाद मौके से घटिया सीमेंट को हटवाया साथ ही नर्मदा रेत भी बुलवाई गई। जैसे ही जन प्रतिनिधि अधिकारी जांच करने पहुंचे तो ठेकेदार कहने लगा की गिट्टी के साथ चूरी आ गई है पर मीडिया के केमरे में चूरी से सड़क डालने की तस्वीरें कैद हो गई थी जिसकी भनक लगते ही ठेकेदार ने रेत बुलाकर चूरी के ऊपर डाल दी थीं इसके अलावा घटिया सीमेंट से काफी मात्रा में सड़क का निर्माण भी ठेकेदार ने कर दिया जिसकी भनक नगर नगर पालिका के उपयंत्री से लेकर जिम्मेदारों को नहीं लगी इस बात से नजर लगाया जा सकता है कैसा काम शहर में हो रहा है।

### सड़क की कराएंगे जांच

ठेकेदार के द्वारा पहले से ही गुणवत्ता विहीन मटेरियल से सड़क बनाने का काम किया जा रहा है काफी मात्रा में सड़क का निर्माण भी हो गया है। अब इसकी जांच करने की बात नगर पालिका सीएमओ के द्वारा कही जा रही है पहले जो सड़क बन गई है उसकी लैब टेस्टिंग कराएंगे यदि उसमें घटिया मटेरियल पाया जाता है तो हम ठेकेदार का भुगतान भी नहीं करेंगे अव देखना है कि जो निर्माण कार्य हुआ है उसकी लैब टेस्टिंग होगी या फिर जांच के नाम पर हमेशा की तरह इस बार भी खाना पूर्ति करके कुछ दिनों के बाद ठेकेदार को भुगतान भी कर दिया जाएगा ।

### इनका कहना है

हमने ठेकेदार को सख्त हिदायत दी है कि नर्मदा रेत और उच्च कोटि का सीमेंट ही उपयोग किया जाए जो निर्माण कार्य हो गया उसकी लैब टेस्टिंग कराएंगे उसके बाद ही ठेकेदार को भुगतान करेंगे घटिया काम पाया गया तो भुगतान भी नहीं करेंगे।

राम प्रकाश साहू सीएमओ

# सेमलखेड़ी में बसंत पंचमी पर लगेगा मेला, एसडीएम ने लिया जायजा



**सिरोंज।** तरण संतों की तपोभूमि सेमल खेड़ी पर बसंत पंचमी पर मेले का आयोजन हो जिसमें देशभर से तारण समाज जन होंगे यहां पर धार्मिक संस्कृति कार्यक्रम भी यहां पर आयोजित होंगे इसके अलावा अंतिम दिन विवाह भी संपन्न होते हैं। इसकी तैयारी का जायजा लेने के लिए शनिवार को एसडीएम हर्षल चौधरी पहुंचे उन्होंने तीर्थ क्षेत्र के सदस्यों के साथ जायज लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि यहां पर साफ-सफाई, पानी, बिजली, रास्ता सुरक्षा आदि की व्यवस्था समय से पहले कर ली जाए किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए बाहर से आने वाले लोगों को यहां पर किसी भी तरह की असुविधा न हो उसके लिए सभी इंतजाम पूर्व में ही कर लिए जाएं आयोजन के संबंध में उन्होंने ट्रस्ट के सदस्यों से जानकारी ली। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, सीएमओ राम प्रकाश साहू, रविकांत तरण आदि मौजूद थे।

# दीनदयाल पार्क का जायजा लेने पहुंचे एसडीएम, झूले आदि क्षतिग्रस्त होने पर जताई नाराजगी

**सिरोंज।** शनिवार को लटरी रोड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क का निरीक्षण करने के लिए एसडीएम हर्षल चौधरी पहुंचे, लापरवाही मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सीएमओ राम प्रकाश साहू को कहा कि विधायक उमाकांत शर्मा के मानसा अनुरूप पार्क में काम नहीं हो रहा है। उन्होंने देखा कि झूली क्षतिग्रस्त हो गए हैं कुर्सियां भी टूट गई है रास्ते भी खबर है जिस तरह का पार्क होना चाहिए उस तरह का नजर नहीं आ रहा है। साफ सफाई में भी कमी देखी इस पर उन्होंने कहा कि पार्क में जितने भी झूले क्षत्रिग्रस्त हो गए हैं उनकी मरम्मत करवाई जाए गुणवत्ता के साथ काम करवाया जाए पर के यहां का सबसे अच्छा दिखना चाहिए यहां आने वाले लोग भी इसकी तारीफ करें उसके लिए सभी लोग मिलकर अच्छा काम करें। हमे पार्क सबसे सुंदर और अच्छा बने मिलकर धरातल पर काम करना होगा।

# अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा की बैठक संपन्न



**सिरोंज।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा सिरोंज द्वारा 18 फरवरी को भोपाल में होने वाले 61वें राष्ट्रीय अधिवेशन के संबंध में बैठक रखी गई, जिसमें यादव महासभा के जिलाध्यक्ष पूर्व फौजी रविन्द्र यादव ने समाज संगठन को लेकर अपने विचार रखे, एवं वक्ताओं ने अपने विचार रखे।बैठक में अनिल यादव, राजेंद्र यादव, रूपेश यादव, विनोद यादव, संजीव यादव, राकेश यादव, गोलू यादव, सुनील यादव, राहुल यादव, रोहित यादव, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मदरसा उलूम उल कुरान का सालाना जलसा आयोजित



**सिरोंज।** शहर के वार्ड क्रमांक 5 तलैया में स्थित मदरसा उलूम उल कुरान का सालाना जलसा आज आयोजित हुआ यह जलसा शहर के वार्ड क्रमांक 21 लेक सिटी में स्थित मदरसे के नए भवन में आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल हुए इस जलसे में मदरसे में पढ़ने वाले बच्चों ने धार्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी

# शाहगंज में रोजगार मेला आयोजित किया

**सीहोर ।** शासकीय महाविद्यालय शाहगंज के स्वामी विवेकानंद कॅरियर निर्देशन प्रकोष्ठ द्वारा रोजगार मेला आयोजित किया गया । पीपलट्री फाउंडेशन भोपाल के श्री आकाशदीप द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के रोजगार के अवसर पर सुझाव एवं कॅरियर निर्देशन दिया गया। उनके द्वारा बताया गया कि किस किस क्षेत्र में रोजगार के अवसर है और विद्यार्थियों को उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक योग्यताएं बताई गई। कार्यक्रम में इस मेले में प्राचार्य आभा कनेरिया, डॉ. आसिफ जहाँ एवं डॉ. संगीता साहू उपस्थित रही।

**मेट्रो एंकर**

### भारत सरकार के कृषि लागत और मूल्य आयोग के दल ने आष्टा मंडी का किया अवलोकन

# ई -मंडी योजना, मंडी में विपणन की व्यवस्था का अवलोकन किया, कृषि उपज नीलामी की प्रक्रिया को भी समझा



**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

भारत सरकार के कृषि लागत और मूल्य आयोग अध्यक्ष सहित चार सदस्यीय दल ने आष्टा कृषि उपज मंडी तथा सीहोर के चौपाल सागर स्थित क्रय केंद्र का अवलोकन किया । इस दल में कृषि लागत और मूल्य आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर विजय पाल शर्मा, आयोग के सदस्य नवीन प्रकाश सिंह, रतनलाल डागा, अनुपम मित्र शामिल थे ।

इस दल ने मध्य प्रदेश के दौरे के दूसरे दिन मध्य प्रदेश में कृषि विपणन की प्रक्रिया और व्यवस्था को देखने तथा समझने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया । दल के सदस्यों ने मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा जारी की गई सिंगल लाइसेंस प्रणाली के तहत लाइसेंसी फॉर्म आईटीसी के क्रय केन्द्र चौपाल सागर सीहोर का भी भ्रमण किया। कृषि लागत एवं मूल्य आयोग के दल ने आईटीसी संस्था द्वारा कृषकों को दी जा रही सुविधाओं को बारीकी से देखा। आयोग द्वारा आष्टा मंडी में मंडी बोर्ड द्वारा लागू की गई की ई -मंडी योजना तथा मंडी में विपणन की व्यवस्था का अवलोकन किया गया। जिसमें मंडी में किसानों द्वारा लाई गई कृषि उपज किस प्रकार प्रवेश की जाती है, नीलामी की प्रक्रिया किस प्रकार होती है, तौल किस प्रकार किया है, व्यापारियों द्वारा भुगतान किसानों को कैसे किया जाता है। इन सारी बातों को आयोग द्वारा देखा गया। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों द्वारा किसानों, व्यापारियों, हम्मालो एवं तुलावटियों से विस्तार से चर्चा की गई। आयोग द्वारा किसानों को मंडी में लगने वाले समय के बारे में किसानों से जानकारी ली तथा किसानों द्वारा अपनाई जा रही कृषि पद्धति के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही साथ किसानों को डिस्ट्रेस सेल से बचाव के आवश्यक उपाय से भी किसानों को अवगत कराया गया । ई- मंडी योजना को देखकर आयोग द्वारा इसकी सराहना की गई तथा मंडी की विपणन व्यवस्था को और किसानों के उपयोगी बनाने के लिए अपने विचार व्यक्त किए ।

भ्रमण के दौरान मध्य प्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अशोक वर्णवाल, मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक सह आयुक्त श्री श्रीमन शुक्ला एवं कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह, तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# 80 फीसदी फेफड़ों के कैंसर की वजह स्मोकिंग, छोड़ें तो रिस्क कम

**विश्व कैंसर दिवस**

*फेफड़े, छाती के अंदर दो स्पंजी अंग होते हैं। इनका मुख्य काम सांस लेना है। आंकड़ों के मुताबिक, फेफड़ों का कैंसर दुनियाभर में कैंसर से होने वाली मौतों का प्रमुख कारण है। जो लोग धूम्रपान करते हैं उनमें फेफड़ों का कैंसर होने की आशंका ज्यादा रहती है। हालांकि जो लोग धूम्रपान नहीं करते उनमें भी फेफड़ों का कैंसर होने का खतरा बना रहता है। फेफड़ों का कैंसर क्यों होता है, इसकी शुरुआत और यह कैसे फैलता है। फेफड़ों के कैंसर के लक्षण अलग-अलग मरीजों में भिन्न भी हो सकते हैं। लगातार खांसी, खून के साथ खांसी या लाल रंग का बलगम आना, सीने में दर्द- गहरी सांस लेने या खांसी होने पर बढ़ना, तेजी से वजन घटना, भूख न लगना, सांस लेने में तकलीफ, आवाज का बैठना आदि। फेफड़ों के करीब 70 फीसदी मामलों में बीमारी फैलने के बाद पता चलता है। अमरीकन कैंसर सोसायटी के अनुसार 80 फीसदी मामले धूम्रपान (स्मोकिंग) होते हैं। इसके अलावा सेकंड हैंड स्मोक, वायु प्रदूषण, केमिकल फैक्ट्रियों में काम करना, कुछ मरीजों में जेनेटिक कारणों से भी हो सकता है।*

### बचाव के तरीके

इसके सबसे अधिक मामले धूम्रपान से होते हैं। जो लोग स्मोकिंग करते हैं तत्काल छोड़ देना चाहिए। छोड़ने के दिन से रिस्क कम होने लगता है। कैंसर के उन सभी कारणों से दूर रहना है। केमिकल फैक्ट्रियों में काम करते हैं तो सुरक्षा के उपायों का इस्तेमाल करें। जिन लोगों का बीएमआइ 30 से अधिक होता है उनमें 4-5 फीसदी यह कैंसर होने की आशंका रहती है। डाइट व व्यायाम का ध्यान रखें।



### एस्बेस्टस व डीजल भी...

एस्बेस्टस की राख और डीजल से निकलने वाला धुआं से भी इसका खतरा रहता है। इससे बचाव के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि मास्क लगाएं। जिनके फैमिली में हिस्ट्री है उन्हें स्क्रीनिंग करवाते रहना चाहिए।

### स्क्रीनिंग व जांच

इससे बचाव के लिए जरूरी है कि स्क्रीनिंग करवाते रहें। जिन्हें इनका रिस्क है वे विशेष ध्यान रखें। इसकी जांच के लिए छाती का एक्सरे, सीटी स्कैन, एमआरआइ और पैट स्कैन आदि किया जाता है। कई बार बलगम की भी होती है। कैंसर की जांच के लिए बायोप्सी भी करवाते हैं।

### इलाज

बीमारी की स्थिति के अनुसार कीमोथैरेपी, इम्युनोथैरेपी, रेडिएशन थैरेपी, सर्जरी और इलाज के बाद पैलिएटिव केयर आदि होती है। बीमारी किस स्टेज में उस आधार पर इलाज का तरीका तय होता है। अगर बीमारी अंतिम स्टेज में पहुंच चुकी है तो पैलिएटिव केयर किया जाता है।

## मनोरंजन बॉलीवुड का कोना

# रश्मिका को पछाड़ नेशनल क्रश बनीं 'एनिमल' की तृप्ति डिमरी



रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' में तृप्ति डिमरी को अपने जोया के रोल के लिए जमकर तारीफ और भरपूर प्यार मिला है। देखते ही देखते तृप्ति नेशनल क्रश बन गईं और उन्होंने 'भाभी' यानी रश्मिका मंदाना को पीछे छोड़ दिया। तृप्ति ने फिल्म में वायलेंस और जूते वाले सीन को लेकर कुछ बातें कही हैं। फिल्म एनिमल में भाभी 2 यानी तृप्ति डिमरी का किरदार भाभी यानी रश्मिका पर भारी पड़ा है। यही वजह है कि रश्मिका की जगह तृप्ति नैशनल क्रश बन गईं और इसे लेकर फिल्म की टीम भी हैरान है। उनका मानना है कि उन्हें इसकी उम्मीद नहीं थी। अब एनिमल के मार्केटिंग हेड वरुण गुप्ता ने इसे लेकर कुछ बातें कही हैं।

### 'जोया' को लेकर बोलीं तृप्ति डिमरी

फिल्म एनिमल को मिली आलोचनाओं को लेकर तृप्ति डिमरी ने जवाब देते हुए बड़ा ही शानदार बचाव किया। उन्होंने कहा कि यदि कुछ चीजें दर्शकों के लिए सही नहीं हों तो वे उसे न देखने का ऑप्शन चुन सकते हैं। अपने कैरक्टर जोया को लेकर तृप्ति ने कहा कि उसे जैसा दिखाया गया है वो बिल्कुल परफेक्ट है। उन्होंने इसी के साथ जोया की ईमानदारी और सच्चाई पर जोर दिया। इनफैक्ट उन्होंने कैरक्टर में कुछ भी बदलने की इच्छा जाहिर नहीं की।

### फिल्म में वायलेंस पर तृप्ति ने कही ये बात

जब खासकर उस जूते वाले सीन के बारे में उनसे पूछा गया, जिसका असर दर्शकों पर खूब पड़ा है। डिमरी ने इस सीन को लेकर कहा कि इस सीन का असर किसपर कैसा होता है वो लोगों के अपने दृष्टिकोण पर निर्भर करता है। लोगों के रिएक्शन को समझाते हुए तृप्ति ने कहा किसी एक्शन फिल्म में हीरो का पिटने का मतलब रियल लाइफ में वॉयलेंस को सही नहीं ठहराता। ठीक इसी तरह किसी फिल्म में रूड व्यवहार देखने का मतलब ये नहीं कि आप इसे अपने पर्सनल रिलेशनशिप में दोहराएं।

# 'झलक दिखला जा' के 'जश्न-ए-जूही' में पति के राज खोलती नजर आएंगी जूही



जूही चावला इस हफ्ते डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 11 में नजर आएंगी। शो के प्रोमो में जूही ने अपनी जिंदगी के पुराने खूबसूरत लम्हों को याद किया। जूही चावला ने साल 1995 में बिजनेसमैन जय मेहता से शादी की। इस बार झलक दिखला जा में जश्न-ए-जूही होने वाला है। जूही बतौर स्पेशल गेस्ट शो में नजर आएंगी। मेकर्स ने हाल ही में शो का प्रोमो जारी किया है। प्रोमो में कोरियोग्राफर आकाश और अद्रिजा एक थीम बेस्ड डांस करते दिख रहे हैं। थीम में जहां आकाश कागज बने हैं। वहीं अद्रिजा कलम की स्याही बनी नजर आईं। आकाश ने कागज के रंग का व्हाइट आउटफिट, तो वहीं अद्रिजा स्याही के रंग की डार्क ब्लू ड्रेस में दिख रही हैं। दोनों ने फिल्म कयामत से कयामत तक के गाने ऐ मेरे हमसफर पर डांस परफॉर्म किया। दोनों की परफॉर्मेंस देखकर जूही बहुत खुश होती हैं। जूही उनकी तारीफ करती हैं और कहती हैं- शादी से पहले हर रोज वो (जय) मुझे ऐसे ही खत लिखते थे। सोनी टीवी ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर शो का ये नया प्रोमो जारी किया है। कैप्शन लिखा- अद्रिजा और आकाश ने कागज और कलम बनके बताई अपनी कहानी। इंप्रेस होकर जूही ने शेयर किया एक मजेदार सीक्रेट! झलक दिखला जा के 11वें सीजन में अरशद वारसी, फराह खान और मलाइका अरोड़ा ने जज की कुर्सी संभाली हुई है। इस डांस शो को ऋत्विक धनजानी और गौहर खान होस्ट करते नजर आ रहे हैं। बीते दिनों में अंजलि आनंद शो से एविक्ट हो गई थीं। उनके अलावा आमिर अली, उर्वशी ढोलकिया, तनीषा मुखर्जी, राजीव ठाकुर, विवेक दहिया और निकिता गांधी भी शो से बाहर हो चुके हैं। इस डांस शो को ऑडियंस काफी पसंद करती है। शो में सेलिब्रिटीज डांस कोरियोग्राफर के साथ डांस परफॉर्म करते नजर आते हैं। अलग-अलग थीम और ऐक्ट पर बेस्ड ये शो आजकल सुर्खियों में है।

# तमन्ना भाटिया के संग सात फेरे लेंगे विजय वर्मा!



विजय वर्मा ने तमन्ना भाटिया के साथ शादी को लेकर तोड़ी चुप्पी तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा अपने रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियों में हैं। फैंस आए दिन उनकी शादी को लेकर सवाल करते रहते हैं। हाल ही में विजय वर्मा ने अपने सोशल मीडिया पर एक फैन से बातचीत की। फैंस को अपने पसंदीदा स्टार्स की वेडिंग का बेसब्री से इंतजार है। विजय वर्मा इन दिनों फिल्म की शूटिंग में काफी बिजी इस दौरान विजय वर्मा ने अपनी शादी को लेकर रिएक्शन दिया है। विजय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और आए दिन वो अपनी तस्वीर और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। विजय वर्मा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए अपने फैंस के साथ बात की थी। विजय वर्मा ने फैंस के लिए एक सेशन रखा था जिसमें फैंस ने एक्टर से सवाल पूछा, कब शादी रहे? इस पर विजय वर्मा ने जवाब देते हुए लिखा, मेरी भतीजी पहले ही मां से सवाल पूछ रही है और मैंने इसे हैदराबादी में भी सुना है। बता दें, दोनों की लव स्टोरी का खुलासा 2023 में न्यू ईयर पर हुआ था। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था जिसमें दोनों गोवा में एक साथ बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे थे।

# आयशा के घरवालों के लिए जैकी ने अपने आप को बदला



*जैकी श्रॉफ और आयशा श्रॉफ की शादी 1987 में हुई थी। शादी से पहले कपल लंबे समय तक रिलेशनशिप में थे। आयशा के परिवार को उनका रिश्ता मंजूर नहीं था। हाल ही में जैकी श्रॉफ ने बेटी कृष्णा श्रॉफ के यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान कहा कि ये एक फिल्मी लव स्टोरी है। उन्होंने बताया कि आयशा के परिवार ने उन्हें देखते ही तुरंत रिजेक्ट कर दिया था। जैकी ने चैट के दौरान कृष्णा को बताया- मुझे याद है कि जब मैं तुम्हारी मां को डेट कर रहा था। पहली बार मैं उनके दरवाजे से अंदर गया। उस समय मैंने एक ओपन टी-शर्ट पहना हुआ था, जिसमें काफी छेद थे। इतने छेद थे जिसे आप गिन सकते थे। मेरे लंबे हिप्पी बाल, मूंछें और मैंने काली पैंट पहनी थी। उस टाइम मुझे ऐसा लग रहा था जैसे कोई भी मां मुझ जैसे लड़के को अपनी बेटी के लिए एक्सेप्ट नहीं करेगी। वो अपनी बेटी से कहेंगी तुम इस तरह के आदमी के साथ क्या कर रही हो? जैकी ने कहा कि इस मुलाकात के बाद मैं सुधर गया। मैंने अपना ड्रेसिंग सेंस बदला। अपने व्यवहार में बदलाव किया। मैंने अपने नाखून साफ करना शुरू कर दिया। अपने दांत ब्रश करना शुरू कर दिया। मैंने खुद को प्रेजेंटेबल बनाना शुरू किया। इसके बाद मैं फिर उनके घर गया और कहा- क्या अब मैं आपकी बेटी से शादी कर सकता हूं? जैकी ने कहा कि शुरुआती दिनों में आयशा की मां उन्हें पसंद नहीं करती थीं। जैकी इस बात से सहमत भी थे कि वो उस तरह नहीं दिखते थे कि कोई मां-बाप उन्हें अपनी लड़की के लिए एक्सेप्ट करे।*

### भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट का तीसरा दिन, लंच तक स्कोर 130 रन पर 4 विकेट

# भारत 273 रन से आगे, शुभमन गिल फिफ्टी बनाकर नॉटआउट

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का दूसरा मुकाबला विशाखापट्टनम में खेला जा रहा है। टीम इंडिया ने तीसरे दिन के लंच सेशन तक 4 विकेट पर 130 रन बना लिए हैं। टीम दूसरी पारी में 273 रन से आगे हैं। शुभमन गिल फिफ्टी बना चुके हैं, दूसरे सेशन में वह अक्षर पटेल के साथ भारत की पारी आगे बढ़ाएंगे। इंग्लैंड से जेम्स एंडरसन ने 2 विकेट लिए। एक-एक विकेट रेहान अहमद और टॉम हार्टले को भी मिला। भारत से कप्तान रोहित शर्मा 13, यशस्वी जायसवाल 17, श्रेयस अय्यर 29 और रजत पाटीदार 9 रन बनाकर आउट हुए। डॉ वायएस राजशेखर स्टेडियम में पहली पारी में भारत ने 396 और इंग्लैंड ने 253 रन बनाए। फिलहाल तीसरे दिन में पहले सेशन का खेल जारी है। भारत ने 3 विकेट के नुकसान पर 111 रन बना लिए हैं। शुभमन और रजत पाटीदार क्रीज पर हैं। गिल 13 पारियों बाद फिफ्टी लगा चुके हैं। श्रेयस 29 रन बनाकर आउट हुए, बेन स्टोक्स ने उनका कैच पकड़ा।



### स्टोक्स का रनिंग कैच, श्रेयस आउट

श्रेयस अय्यर 29 रन बनाकर टॉम हार्टले का शिकार हुए। 28वें ओवर की पहली बॉल हार्टले ने गुड लेंथ पर फेंकी, श्रेयस ने आगे निकलकर बड़ा शॉट खेलना चाहा। गेंद हवा में खड़ी हो गई, तभी मिड-ऑफ पर खड़े कप्तान बेन स्टोक्स पीछे की ओर दौड़ पड़े। उन्होंने करीब 20 मीटर दौड़ लगाई और डाइव लगाकर बेहतरीन कैच पकड़ लिया। शुभमन ने टेस्ट में 13 पारी और 11 महीने बाद फिफ्टी लगाई। उन्होंने आखिरी बार 9 मार्च 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक लगाया था। तब से उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ 13 पारियां खेल लीं। लेकिन सेंचुरी तो छोड़िए फिफ्टी तक नहीं आईं। उनका बेस्ट स्कोर भी 34 रन ही रहा था। शुभमन ने अब इंग्लैंड के खिलाफ फिफ्टी लगाकर खराब रिकॉर्ड को तोड़ा। टेस्ट में यह उनकी 5वीं फिफ्टी रही, वह 2 शतक भी लगा चुके हैं।

### एंडरसन को 2 ओवर में 2 विकेट

रोहित शर्मा के बाद 41 साल के जेम्स एंडरसन ने यशस्वी जायसवाल को भी पवेलियन भेज दिया। यशस्वी 17 रन बनाकर फर्स्ट स्लिप में कैच हुए। एंडरसन ने 9वें ओवर में यशस्वी और 7वें ओवर में रोहित को आउट किया। उन्होंने पहली पारी में भी 3 विकेट लिए थे। रोहित शर्मा तीसरे दिन के दूसरे ही ओवर में बोल्ड हो गए, वह अपने पिछले दिन के स्कोर में कोई इजाफा नहीं कर सके। एंडरसन ने उन्हें गुड लेंथ पर बॉल फेंकी, रोहित डिफेंड करने गए लेकिन बोल्ड हो गए। उन्होंने 21 बॉल पर 3 चौकों की मदद से 13 रन बनाए। रोहित सीरीज में 24, 39, 14 और 13 रन के स्कोर ही बना सके हैं।

### दो बार डीआरएस में बचे शुभमन

नंबर-3 पर बैटिंग करने उतरे शुभमन गिल 2 बार डीआरएस में बच गए। 10वें ओवर में टॉम हार्टले की चौथी बॉल उनके पैड्स पर लगी। इंग्लैंड ने एलबीडब्ल्यू की अपील की और अंपायर ने आउट का फैसला सुना दिया। शुभमन ने रिव्यू लिया, रिप्ले में दिखा कि बॉल उनके बैट से लगी थी। शुभमन अगले ही ओवर में फिर एक बार बच गए। 11वें ओवर की पांचवीं बॉल जेम्स एंडरसन ने गुड लेंथ पर इन-स्विंगर फेंकी। इंग्लैंड ने फिर एलबीडब्ल्यू की अपील की लेकिन अंपायर ने इस बार नॉटआउट का फैसला सुनाया। इंग्लैंड ने रिव्यू लिया, रिप्ले में नजर आया कि बॉल स्टंप्स को छूते हुए जा रही है। लेकिन अंपायर्स कॉल होने के कारण शुभमन बच गए। अगर फील्ड अंपायर आउट कहते तो शुभमन को पवेलियन लौटना पड़ता।

# विराट कोहली दूसरी बार पिता बनने वाले हैं, परिवार के साथ

**नईदिल्ली, एजेंसी**



विराट ने भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के शुरुआती 2 मुकाबलों के लिए अवकाश ले रखा है। विराट कोहली फिर पिता बनने वाले हैं। यह जानकारी कोहली के खास दोस्त और पूर्व साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज एबी डीविलियर्स ने दी है। 39 साल के पूर्व बल्लेबाज डीविलियर्स भारत-इंग्लैंड टेस्ट के दूसरे दिन के बाद अपने यूट्यूब चैनल पर लाइव आए। डीविलियर्स ने एक फैंस के सवाल पर कहा- मैंने कोहली को कॉल किया था और हालचाल पूछा। इस पर विराट ने मुझे बताया कि वे अपने परिवार के साथ हैं। आगे बोलते हुए डिविलियर्स ने कहा कि विराट का दूसरा बच्चा आने वाला है। इस कारण वह परिवार के साथ हैं। इससे पहले विराट कोहली 2021 को पहली बार पिता बने थे।

# सानिया के बेटे इजहान ने स्कूल छोड़ा, स्टूडेंट्स कर रहे परेशान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



सानिया के तलाक और शोएब मलिक की तीसरी शादी के बाद, उनके 5 साल के बेटे इजहान मिर्जा मलिक इससे प्रभावित होते दिख रहे हैं। हनीफ के मुताबिक इजहान को उसके स्कूल में इस हद तक परेशान किया जा रहा है कि उसने क्लास जाना बंद कर दिया है। नईम का कहना है कि, सानिया ने बेटे इजहान की मेंटल हेल्थ के बारे में चिंता व्यक्त की, उन्होंने खुलासा किया कि उनके पिता की तीसरी शादी से जुड़ी खबरें उन्हें मेंटली परेशान कर रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक सानिया अपने होमटाउन हैदराबाद लौट आई हैं। सानिया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपने बेटे और अपनी बहन अनम मिर्जा की बेटी दुआ की एक तस्वीर साझा की, जिसमें उन्हें 'लाइफलाइन' कहा।

**मेट्रो एंकर** आयरलैंड से हारकर न्यूजीलैंड बाहर, दोनों का सेमीफाइनल जीतना जरूरी

# अंडर-19 वर्ल्ड कप: पाकिस्तान और भारत के बीच हो सकता है फाइनल

**जोहानसबर्ग, एजेंसी**

क्रिकेट प्रेमियों को एक बार फिर भारत-पाकिस्तान वर्ल्ड कप फाइनल देखने का मौका मिल सकता है, लेकिन इसके लिए दोनों टीमों को अंडर-19 वर्ल्ड कप में अपने-अपने सेमीफाइनल मैच जीतने होंगे। पहले सेमीफाइनल में 6 फरवरी को भारत का सामना मेजबान साउथ अफ्रीका से और 8 फरवरी को पाकिस्तान का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा।

इस टूर्नामेंट का सेमीफाइनल लाइनअप तय हो चुका है। भारत, साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान ने टॉप-4 जगह बना ली है। सुपर-6 राउंड में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 5 रन से, आयरलैंड ने न्यूजीलैंड को डीएलएस मैथड के तहत 41 रन से और इंग्लैंड ने जिम्बाब्वे को 146 रन के अंतर से हराया।



### आयरलैंड की न्यूजीलैंड पर पहली जीत

आयरलैंड ने न्यूजीलैंड पर क्रिकेट इतिहास की पहली टीम जीत हासिल की है। आयरलैंड ने कीवी टीम को डीएलएस मैथड के तहत 41 रनों से हराया। ब्लूमफोनटेन में टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 267 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने 32.1 ओवर में 5 विकेट पर 131 रन बनाए। कैन हिल्टन ने 72 रनों की पारी खेली। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

**पाकिस्तान और इंग्लैंड भी जीते:** दिन के अन्य मुकाबलों में पाकिस्तान और इंग्लैंड ने जीत हासिल की। बिनानी में पाकिस्तानी टीम ने पहले तो 155 रन का स्कोर खड़ा किया। उसके बाद बांग्लादेश को 150 रन पर ऑलआउट कर दिया। उबैद शाह प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 5 विकेट लिए। दूसरी ओर, ब्लूमफोनटेन में इंग्लैंड ने 7 विकेट पर 237 रन बनाए और जिम्बाब्वे को 91 रन पर ऑलआउट कर दिया। इंग्लिश टीम से तैजिम चौधरी अली ने 7 विकेट झटके। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे।



भोपाल के भानपुर चंचल नगर में फ्री स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मरीजों ने अपनी जांच कराई।

# युवती को बंधक बनाकर युवक ने की अश्लील हरकत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

छोला मंदिर पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ बंधक बनाकर छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 19 वर्षीय युवती प्रायवेट काम करती है। उसी के पास किराए से रहने वाले समीर कुशवाहा नामक युवक से मोहल्ले के नाते वह बातचीत कर लिया करती थी। पिछले कुछ दिनों से समीर युवती पर दोस्ती बढ़ाने का दबाव डाल रहा था। युवती ने जब दोस्ती करने से इंकार किया तो वह आते-जाते समय उसका पीछा कर परेशान करने लगा। शुक्रवार शाम करीब छह बजे युवती काम से लौटी तो समीर अपने गेट के पास मिल गया और उसका हाथ पकड़ कर कमरे के अंदर खींच लिया।


फाइल फोटो

अश्लील हरकत करते हुए समीर कहने लगा कि अगर दोस्ती नहीं बढ़ाई तो वह उसे परेशान करता रहेगा। उसने कहीं पर उसकी शादी भी नहीं होने देने की धमकी दी। युवती के शोर मचाने पर उसने उसे जाने दिया, जिसके बाद युवती ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। उसके बाद थाने जाकर समीर के खिलाफ छेड़छाड़ समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करवाया।

## शाहजहांनाबाद में बाजपेयी नगर मल्टी से एक साथ 3 मोटर साइकिलें चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहजहांनाबाद स्थित बाजपेयी नगर मल्टी की पार्किंग में खड़ी एक साथ तीन मोटर सायकिलें चोरी चली गई। कई अन्य स्थानों से भी बदमाश दोपहिया वाहन चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। हालांकि एक भी वारदात के आरोपियों का पता नहीं चल पाया है। पिछले सप्ताह निशातपुरा स्थित विशाल स्टेट कालोनी से एक साथ बदमाशों ने चार मोटर सायकिलें चोरी की थी। सीसीटीवी कैमरे में तीन बदमाश कैद हुए थे, लेकिन आज तक बदमाशों का पता नहीं चल पाया है।

पुलिस के मुताबिक मुकेश पुत्र मोहनलाल ( 30 ) बाजपेयी नगर ईदगाह हिल्स स्थित मल्टी में रहते हैं। मुकेश और उसी मल्टी में रहने वाले हरप्रीत गिरवे और गोलू भार्गव ने पिछले दिनों अपनी-अपनी मल्टी की पार्किंग में अपनी मोटर सायकिलें खड़ी की थी। अगले दिन सुबह करीब छह बजे देखा तो तीनों की मोटर सायकिलें गायब थीं। आसपास तलाश करने के बाद भी जब बाइकों का कुछ पता नहीं चला तो तीनों ने एक साथ थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर जहांगीराबाद स्थित एमवीएम ग्राउंड से शहरयार खान, प्रभात चौराहा ऐशबाग से सतीश मेहरा और एमपी नगर जोन क्रमांक-2 से आशीष की मोटर सायकिल चोरी चली गई। इधर अवधपुरी थानांतर्गत खजूरीकला मुक्तिधाम से चोर लोहे के गेट चोरी कर ले गए। इसी प्रकार टीटी नगर स्थित मद्रासी कालोनी में रहने वाली आरती के घर का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी समेत करीब 22 हजार का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में केस दर्ज कर लिया है।

### पुलिस की लापरवाही, एफआईआर में नंबर लिखा गलत

# अयोध्या नगर में मासूम को कुचलने वाले ट्रैक्टर की नंबर प्लेट पर थाने में किया पेंट!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**अयोध्या नगर स्थित एन सेक्टर में शुक्रवार शाम छह साल की मासूम को कुचलने वाले ट्रैक्टर की नंबर प्लेट पर वाइट पेंट करने का मामला सामने आया है। दरअसल, हादसे के बाद पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर लिया था। उसे थाने में खड़ा किया गया। इसके बाद भी उसकी नंबर प्लेट में सफेद पेंट कर दिया गया। इसमें पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। पुलिस की दलील है कि नंबर प्लेट को पुलिस द्वारा घिसा गया था उससे बेस में पुता वाइट पेंट उभरकर आ गया।**

उल्लेखनीय है कि बेगमगंज, रायसेन निवासी सीताराम लोधी, पेशे से ड्राइवर हैं। वे मांगीलाल साहू का मकान एन सेक्टर, अयोध्या नगर में किराए से रहते हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बच्चे थे। छोटा बेटा चार साल का है, जबकि बड़ी बेटी छह साल की भारती लोधी थी। भारती केजी टू में पढ़ती थी। शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे के आसपास भारती मोहल्ले में स्थित मंदिर के पास बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी बीच टर्निंग पाइंट पर गुजर रहे ट्रैक्टर ड्राइवर की लापरवाही से वह ट्रैक्टर के पिछले टायर में आ गई। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



### पिता थे अस्पताल में व्यस्त उन्हें नहीं जानकारी

मृतिका भारती के पिता सीताराम लोधी ने बताया कि हादसे के बाद बच्ची का शव मर्चूरी भेज दिया गया था। वह मर्चूरी में बच्ची का शव सुरक्षित रखवाने के लिए पहुंचे थे। उन्हें पता ही नहीं था कि थाने में खड़े ट्रैक्टर का नंबर बदल दिया जाएगा। उन्हें यह भी नहीं पता कि नंबर किसने बदला। शनिवार सुबह वह अपने मुंह बोले भाई राजेन्द्र विश्वकर्मा के साथ थाने के पास से गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर ट्रैक्टर की नंबर प्लेट पर वाइट पेंट पोता गया है। राजेंद्र विश्वकर्मा पेंटर है और उन्होंने ताजा पेंट देखकर थिनर से साफ किया तो ट्रैक्टर का नंबर एमपी 04 एल 9145 अंकित था। जबकि एफआईआर में एपमी 04 एल 1742 नंबर लिखा गया है।

सीताराम लोधी के मकान मालिक मांगीलाल साहू ने एफआईआर लिखते समय जो नंबर बताया था पुलिस ने वहीं नंबर दर्ज किया था। बाद में पता चला कि उन्होंने नंबर गलत लिखा दिया था। नंबर में सुधार लिया गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर मालिक को नोटिस जारी किया है।
–महेश लिल्हारे, थाना प्रभारी अयोध्या नगर

## भोपाल उत्सव मेले में झूले से गिरे कर्मचारी की हालत गंभीर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

टीटी नगर स्थित भोपाल उत्सव मेले में शनिवार शाम एक कर्मचारी झूले से गिरकर घायल हो गया। उसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक महाराष्ट्र निवासी अरविंद ( 26 ) यहां भोपाल उत्सव मेले में झूले का कर्मचारी था। शनिवार शाम करीब साढ़े छह बजे वह झूले पर चढ़कर ऊंचाई पर कुछ काम कर रहा था, तभी अचानक नीचे जा गिरा। नीचे गिरने से अरविंद के हाथ-पैरों में गंभीर चोट आई है। उसे तुरंत ही इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। देर रात पीएमएलसी मिलने के बाद पुलिस टीम अस्पताल के लिए रवाना हो गई थी। जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि कर्मचारी किन परिस्थितियों में झूले से गिरा था।

## साइकिल चलाते समय चक्कर आने से गिरे व्यक्ति की मौत

**भोपाल।** टीटी नगर इलाके में सायकिल चलाते समय अचानक चक्कर आने से गिरे एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक जयभीम नगर में रहने वाले रामा जाधव ( 56 ) काम पर सायकिल से आना-जाना करते थे। शनिवार सुबह वह काम पर जाते समय वह चक्कर खाकर गिर पड़े। उन्हें इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इधर खजूरी सड़क थानांतर्गत भैंसाखेड़ी बस स्टाप पर बेहोशी की हालत में मिले 75 साल के बुजुर्ग व्यक्ति को एम्बुलेंस से इलाज के लिए बैरागढ़ अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# लालबस ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर, महिला की दर्दनाक मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहपुरा इलाके में शनिवार दोपहर बाद एक तेज रफ्तार लालबस ने सामने से आ रहे बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। इस हादसे में महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पति को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि हादसे के समय दंपति किसी गमी में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

पुलिस के मुताबिक अंजली कोगरे पत्नी विजय कोगरे ( 19 ) बागसेवनिया में रहती थी। शनिवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे वह पति विजय के साथ मोटर सायकिल पर बैठकर कोलार इलाके की तरफ किसी गमी के कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी। विजय जैसे ही बाइक लेकर जेके रोड पुलिया पर पहुंचे, वैसे ही कोलार से शाहपुरा की तरफ जा रही तेज रफ्तार



लालबस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों को गंभीर चोट आई थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद अंजली कोगरे को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल विजय का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# कोलार में सात महीने की *मासूम* की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित पुलिस हाउसिंग कॉलोनी, गोकुल नगर, प्रियंका नगर में सात महीने की मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह खेल रही थी और फिर अचानक उसकी आंखे बंद हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार शिवदिन कोगे पुलिस हाउसिंग कॉलोनी, गोकुल नगर, प्रियंका नगर में रहते हैं और गार्ड की नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी सात महीने की बेटी पुलिस बेबी अमायरा शनिवार सुबह उठी और खेल रही?थी। खेलते खेलते उसकी तबीयत बिगड़ी और उसकी आंखे बंद हो गई। शरीर में हलचल नहीं हो रही?थी। वे उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद

**खेलते-खेलते अचानक आंख हुई बंद**


फाइल फोटो

कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि उसे कुछ दिन से शर्दी जुकाम था। परिजन उसका छोटे डॉक्टर के पास इलाज भी करा रहे थे।

**मेट्रो एंकर** 8 साल की बच्ची का गला रेतने का मामला

# बच्ची के सगे पिता को भोपाल बुलाने का प्रयास कर रही पुलिस, पांच को जेल जाएगा सौतेला पिता

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोहेफिजा इलाके में आठ साल की बच्ची का गला रेतने वाले सौतेले पिता को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। उसे पांच फरवरी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जाएगा। इधर बच्ची के सगे पिता को उड़ीसा से भोपाल बुलाने का प्रयास किया जा रहा है। सगा पिता बच्ची का पालन पोषण करने के लिए तैयार होगा तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर हमले में घायल हुई बच्ची का अभी इलाज चल रहा है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी उसके स्वास्थ्य को लेकर लगातार नजर रखे हुए हैं।

जानकारी के अनुसार टीला जमालपुरा निवासी तेजसिंह ( 40 ) एक टेंट में काम करता था। बीती 29 जनवरी की रात करीब नौ बजे वह अपनी सौतेली बेटी प्रीति लोधी ( 8 ) को बड़े पिताजी के घर ले जाने का कहकर घर से निकला था। रास्ते में सेफिया कालेज ग्राउंड के पास वह बेटी का मुंह दबाकर झाड़ियों के पास लेकर पहुंचा और कटर से उसका गला रेत दिया। उसके बाद बच्ची को झाड़ियों में फेककर भाग निकला था। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे किसी तरह बच्ची सड़क तक पहुंची, जिसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में तेजसिंह लोधी को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान पता चला कि ठीक दो साल पहले तेजसिंह ने बच्ची की मां संगीता की भी चरित्र संदेह के चलते इसी स्थान पर पत्थर से सिर कुचलकर हत्या की थी। बच्ची का गला काटते समय उसने बोला था कि जैसे ही तेरी मां को ऊपर पहुंचाया है, वैसे ही तुझे भी पहुंचा दूंगा। बच्ची बार-बार अपनी मां के बारे में पूछती थी, इसलिए उसने उसे भी रास्ते से हटाने की योजना बनाई थी।


फाइल फोटो

### उड़ीसा में है बच्ची सगा पिता और अन्य परिजन

एएसआई रामप्रकाश ने बताया कि बच्ची की मां संगीता उड़ीसा की रहने वाली थी। तेजसिंह काम के सिलसिले में उड़ीसा गया था, तभी संगीता से उसकी मुलाकात हुई थी। संगीता अपनी बच्ची को लेकर उसके साथ आ गई थी। बच्ची का सगा पिता और मामा समेत अन्य परिजन उड़ीसा में हैं। पुलिस ने उसके पिता से संपर्क कर भोपाल आने का बोला है, लेकिन परिजन भोपाल नहीं आना चाहते हैं। उनका कहना है कि बच्ची को उड़ीसा लाकर छोड़ दिया जाए। अब आगे प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत कर पिता को भोपाल बुलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। आरोपी सौतेले पिता का रिमांड समाप्त होने के बाद पांच फरवरी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## किशोर की मौत: डीजे संचालक और लाइट मालिक पर प्रकरण दर्ज

**भोपाल।** नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव परसोरा में सर्विस लाइन से डीजे का वाहन में आए करंट से किशोर की मौत के मामले में पुलिस ने डीजे संचालक समेत लाइट मालिक पर लापरवाही बरतने का मामला दर्ज कर लिया है। मर्ग जांच के बाद उक्त कार्रवाई की गई। इधर हादसे में घायल दो नाबालिग समेत एक युवक की हालात में सुधार हो गया है। संभवत: गत दिवस उनको अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। पुलिस के अनुसार संदीप लोधा पिता शिवनारायण लोधा ( 16 ) ग्राम लोधीपुरा, थाना मलावर, जिला राजगढ़ में रहता था। वह महज पांचवी कक्षा तक पढ़ा था। 31 जनवरी बुधवार को नजीराबाद स्थित गांव परसोरा में शादी थी और संदीप लोधा यहां डीजे के पीछे चलने वाली लाइट पकड़ने के लिए पहुंचा?था। उसके साथ पप्पू लोधा ( 15 ) निवासी लोधीपुरा, कृष्णपाल लोधा ( 11 ) निवासी लोधीपुरा समेत 18 साल का दीपक लोवंशी था। चारों डीजे से कनेक्ट लाइट पकड़े हुए थे। गांव में बारात निकल रही थी। रात में डीजे वाहन ऊपर से गुजर रही सर्विस लाइन से टकरा गया। बॉडी टकराने से डीजे वाहन में करंट आया और लाइट पकड़े चारों बच्चे झुलस गए।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022